भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 279 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज  रविवार 03 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## जम्मू-कश्मीरः कश्मीरी पंडितों की आस्था पर फिर प्रहार, बरघशेखा भवानी मंदिर पर हमला, उपद्रवियों ने मूतिर्यों को तोड़ा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में उपद्रवियों ने एक बार फिर कश्मीरी पंडितों की आस्था पर प्रहार किया है। अनंतनाग में शनिवार को बरघशेखा भवानी के मंदिर पर हमला किया। इस दौरान मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि केस दर्ज किया गया है। जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। बरघशेखा भवानी का मंदिर कश्मीर घाटी के अनंतनाग जिले में मट्टन पहाड़ पर है। कश्मीरी पंडितों का यह आस्था का केंद्र है। बरघशिखा मंदिर पर ऐसे समय में हला किया गया है जब सरकार घाटी में पंडितों की वापसी की कोशिश में जुटी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि मट्टन पहाड़ पर बरघशेखा भवानी मंदिर को कुछ उपद्रवियों ने अपवित्र किया है।

# अनुच्छेद 370 व्यवस्था में बदलाव, इसे दिल से स्वीकारने की जरूरत : भागवत

**जम्मू (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने जम्मू यूनिवर्सिटी के जनरल जोरावर सिंह सभागार में प्रबुद्ध जन गोष्ठी में कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का हटाना व्यवस्था में बदलाव है। मगर मानसिकता बदले बिना यह कार्य पूरा नहीं होगा। बहुत लोगों के संघर्ष, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के रूप में देखने का आनंद देश में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

परंतु केवल व्यवस्था बदलने से ही उद्देश्य पूरा नहीं होता। भागवत ने कहा कि हम भारतीय हैं। हमारे निजी स्वार्थी से राष्ट्र सबसे ऊपर है। राष्ट्रीयता की भावना से हम दुनिया को वह सब दे सकेंगे, जिसकी दुनिया हमसे उम्मीद कर



रही है।कार्यक्रम के शुरू में ही डा. मोहन भागवत ने कहा कि यह एकतरफा गपशप है। इसलिए बैठकर बोल रहा हूं। अनुच्छेद 370 के हटने में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जम्मू-कश्मीर में योगदान और बलिदान को याद किया। बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार वैसी ही मिलती है। जैसी लोग चाहते हैं। जैसे हम है, वैसे हमारे नेता हैं। हमारे अनुरूप व्यवस्था तब आएगी, जब हम बदलेंगे। व्यवस्था बनाने के लिए बहुत ज्यादा लोग चाहिए। बिगाड़ने के लिए बहुत कम। सुदृढ़ समाज तब बनता है, जब उनके सामने कोई उद्देश्य होता है। हमें अपने आपको समझना होगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने यह भी कहा कि हम सबसे पुरानी संस्कृति हैं। बड़े भाई की तरह हमें सबके लिए सोचना है। हम विश्वशक्ति नहीं, विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हों। भारतीय संस्कृति के संरक्षण में कई पीढि़यां लगी रही हैं। जिस संस्कृति की बात आज दुनिया सोच रही है, उस पर हम सदियों से चल रहे हैं। उन्होंने दुनिया की अंधी दौड़ की ओर इशरा करते हुए कहा कि सुख पदार्थों के भोग में नहीं, सुख अपने स्वयं के अंदर है। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड किंगडम तब तक रहेगा, जब तक अंग्रेजी भाषा है। यूनाइटेड स्टेट्स तब तक रहेगा, जब तक स्टेट्स हैं। हम किसी स्टेट के तहत राष्ट्र नहीं बने। धर्म का रास्ता, स्वभाव, कर्तव्य, लोक-परलोक को मानने वाले हमारे राष्ट्र की विभिनन्ता ही हमारी पहचान है। अपने आपको श्रेष्ठ मानने का अंहकार हमारी संस्कृति नहीं : सर्वतर सुख में धर्म है। उस धर्म में सभी को देना पड़ता है। उन्होंने समाज को खोखला करने वाली छुआछूत जातपात के भेद को लंबे समय से चली आ रही बीमारी बताया। अपने आपको श्रेष्ठ मानने का अंहकार हमारी संस्कृति नहीं है। हमारी संस्कृति सनानत काल से चली आ रही है। दुनिया हमारी संस्कृति का पालन कर रही है। हमारी सबसे बड़ी खूबी आत्मीयता है। अपनेपन की भावना ने ही हमें एक अलग पहचान दी है। आज सारी दुनिया की नजरें हम पर टिकी हुई हैं। सबसे प्रचीन होने के नाते हम चाहते हैं कि जो भी आए हमारे चरित्र से कुछ लेकर जाए। पूरे देश में व्यवस्थाएं अलग हैं। भाषाएं हैं। रामायाण महाभारत भी कई भाषाओं में लिखी गई, लेकिन भाव एक ही है।

## लालू के बेटे तेज प्रताप का दावा
## पिता जी को दिल्ली में बना लिया गया है बंधक, तेजस्वी पर निशाना?



**पटना (एजेंसी)।** लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने बिना किसी का नाम लिये अपने ही लोगों पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने पिता लालू यादव को दिल्ली में बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। तेजस्वी या किसी अन्य का नाम लिये बगैर कहा कि चार-पांच लोग पिता जी को पटना नहीं आने दे रहे हैं। तेज प्रताप यादव शनिवार को 'छात्र जनशक्ति परिषद' की ओर से आयोजित 'राजनीति सीखो, नेतृत्व करो' विषयक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। सिन्हा लाइब्रेरी रोड स्थित अदिती कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में तेज प्रताप ने कहा कि जो चीजें चल रही हैं उससे संगठन बढ़ेगा नहीं बल्कि टूट जाएगा। तेज प्रताप ने कहा कि पिताजी अस्वस्थ चल रहे हैं। वह अपनी बीमारी से जूझ रहे हैं। हम उनपर कोई प्रेशर नहीं देना चाहते हैं। तेज ने कहा कि कुछ लोग राजद में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का सपना देख लिये हैं। यह चार पांच लोग हैं, सबलोग उनके बारे में जानते हैं। किसी का नाम लेने की जरूरत नहीं है। पिता जी को जेल से आए साल भर हो गया है। उन्हें दिल्ली में ही रोक रखा गया है। तेज ने कहा कि पिता जी से मेरी बात हुई थी। कहा कि हमारे साथ पटना चलिये। पटना में हम लोग साथ-साथ रहेंगे। आप वहां आइये और अपना संगठन देखिये। तेज ने पुरानी बातों को याद करते हुए कहा कि वो पटना में रहते थे तो दरबार (दरवाजा) खुला रहता था। वह बैठक करते थे तो जनता से खुलेआम मिलने झुलने का काम करते थे। अब चार पांच लोगों ने मिलने का रास्त बंद कर दिया है।

## परमबीर सिंह को 21 अक्टूबर तक नहीं करेंगे गिरफ्तार, हाईकोर्ट में बोली उद्धव सरकार

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय से कहा कि यह मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के खिलाफ एससी/एसटी (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में 21 अक्तूबर तक कोई 'सख्त कार्रवाई' नहीं करेगी। एक अन्य मामले में राज्य सरकार ने अदालत को आश्वस्त किया कि यह भारतीय



पुलिस सेवा की एक अन्य अधिकारी रश्मि शुक्ला के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं करेगी। पूर्व पुलिस आयुक्त के अधिवक्ता वाई.पी. यागिन्क ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने परमबीर सिंह के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई (गिरफ्तारी जैसी) नहीं करने के 24 मई 2021 के आश्वासन की अवधि बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति एस.एस. शिंदे और न्यायमूर्ति एन.जे. जामदार की पीठ ने ठाणे पुलिस द्वारा सिंह के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के लिए उनकी याचिका पर सुनवाई 20 अक्तूबर तक स्थगित कर दी। इसके बाद सिंह के अधिवक्ता ने यह बयान दिया। सिंह के खिलाफ ठाणे में अनुसूचित जाति : अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत अप्रैल में मामला दर्ज किया गया था। यह मामला एक पुलिस निरीक्षक बी.आर. घडजे की शिकायत पर दर्ज किया गया था। घडजे अकोला पुलिस में पदस्थापित हैं।अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले घडजे ने दावा किया कि उन्होंने कुछ आरोपियों का पक्ष लेने के लिए सिंह के 'गैरकानूनी आदेशों' को मानने से इनकार कर दिया तो उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ साजिश रची और उन्हें रंगदारी के झूठे मामलों में फंसा दिया।

# सोनिया गांधी नहीं, पंजाब के 78 विधायकों ने कैप्टन को हटाया, कांग्रेस ने दी सफाई तो अमरिंदर ने किया पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैप्टन अमरिंदर के कांग्रेस छोड़ने के ऐलान के बाद अब कांग्रेस पार्टी की तरफ से सफाई दी गई है। पार्टी के नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को दावा किया कि पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री के पद से नहीं हटाया।

सुरेजावाल के मुताबिक 78 विधायकों ने कैप्टन को हटाए जाने की मांग की थी। सुरजेवाला की तरफ से यह बात उस वक्त कही गई है जब हाल ही में अमरिंदर सिंह ने पंजाब की कुर्सी छोड़ने के बाद कहा था कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अपमानित किया है। अमरिंदर सिंह की जगह पर अब पंजाब में चरणजीत सिंह चननी को पार्टी ने मुख्यमंत्री बनाया है। पिछले महीने पार्टी विधायक दल की बैठक में चरणजीत सिंह चननी के नाम पर मुहर लगी थी। कांग्रेस महासचिव





सुरेजावाला ने कहा कि जब कोई मुख्यमंत्री अपने विधायकों का भरोसा खो देते हैं तब उन्हें पद पर नहीं रहना चाहिए। मीडिया से बातचीत में सुरेजावाल ने कहा, पंजाब के 79 विधायकों में से 78 विधायकों ने मुख्यमंत्री बदलने के लिए लिखा था। आप पर डिक्टेटर बनने का आरोप लग रहा था तो क्या हमें सीएम नहीं बदलना चाहिए था। 78 विधायक एक तरफ हैं और एक सीएम एक तरफ और आप उनकी नहीं सुन रहे हैं।सुरेजावाला ने आगे कहा, सोनिया गांधी पार्टी की अध्यक्ष हैं और पंजाब में सीएम बदलने का फैसला उन्होंने नहीं लिया। जैसा की मैंने आपको बताया। 78 विधायकों ने सीएम बदलने के बारे में लिखा था। खास बात यह है कि इससे पहले अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस नेतृत्व के इस बात को खारिज कर दिया था कि उन्होंने विधायकों का भरोसा गंवा दिया था। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा था कि वो कांग्रेस छोड़ देंगे क्योंकि वरिष्ठ नेता उन्हें नजरअंदाज कर रहे हैं।

सुरजेवाला ने कहा कि यह पहला मौका है जब कोई दलित पंजाब का मुख्यमंत्री बना है। पंजाब में नया इतिहास रचा गया है। उन्होंने बीजेपी को भी घेरते हुए सवाल उठाया कि अगर कांग्रेस ने कोई बदलाव किया है तो इससे बीजेपी को क्या परेशानी है? उन्होंने बीजेपी द्वारा गुजरात, उत्तराखंड और कर्नाटक में सीएम बदले जाने की भी याद दिलाई। बहरहाल कांग्रेस नेता सुरजेवाला के इस बयान के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पलटवार भी किया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा, साल 2017 से मैंने पंजाब में सभी चुनाव जीते हैं। मुझपर जनता ने विश्वास नहीं खोया था। यह सारा खेल नवजोत सिंह सिद्धू और उनके सहयोगियों ने रचा था।

नहीं जानता कि वो लोग क्यों उन्हें (नवजोत सिंह सिद्धू) को अभी भी हुक्म चलाने की अनुमति दे रहे हैं। अमरिंदर सिंह ने कहा, ऐसा लगता है कि पार्टी नवजोत सिंह सिद्धू के मजाकिया लहजे से ओतप्रोत है। अगली बार वो दावा करेंगे कि 117 विधायकों ने उन्हें लिखा है। पार्टी में यह स्थिति है कि वे अपने झूठ का ठीक से समन्वय भी नहीं कर सकते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का पार्टी के कामकाज से पूरी तरह मोहभंग हो गया है। मामले की सच्चाई यह थी कि उक्त पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले 43 विधायकों को दबाव में ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया था।

## बसपा सरकार की योजनाओं को सपा-भजपा ने किया बंद, मायावती ने लगाए गंभीर आरोप

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि भाजपा व सपा सरकारों ने उसकी सरकारों में हुए कामों का नाम ही नहीं बदला, बल्कि कई कामों को बंद भी कर दिए। यह एक काले अध्याय के रूप में दर्ज रहेगा। मायावती ने शनिवार को ट्वीट कर कहा है कि बसपा सरकार के दौरान यूपी के विभिनन्न जिलों की तरह आगरा में भी गरीबों के लिए आवास बनवाए गए थे, जिसकी काफी सराहना हुई। सत्ता परिवर्तन के कारण जनहित की ऐसी कई परियोजनाएं अधूरी रह गई जिन्हें पहले सपा व अब भाजपा सरकार ने द्वेषपूर्ण व्यवहार करते हुए पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि वैसे भी प्रदेश व देश साक्षी है कि घोर संकीर्ण राजनीतिक व जातिगत द्वेष आदि के कारण सपा व भाजपा सरकारों ने बदले की भावना से काम किया।

# गडकरी ने दिखाया सत्ता का इस्तेमाल कैसे होता है, केंद्रीय मंत्री की तारीफ में बोले एनसीपी चीफ शरद पवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के कामकाज की तारीफ की है। शनिवार को एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि नितिन गडकरी ने बताया कि पावर का इस्तेमाल किस तरह किया जाता है। महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक कार्यक्रम में भाजपा नेता और एनसीपी चीफ मौजूद थे। महाराष्ट्र में बीजेपी विपक्ष में है और एनसीपी महाविकास अघाड़ी सरकार में शामिल है। इस कार्यक्रम के दौरान शरद पवार ने कहा, मैं इस कार्यक्रम में इसलिए आया क्योंकि मुझे कहा गया था कि नितिन गडकरी अहमदनगर में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने वाले है। इससे शहर की कई समस्याएं दूर हो जाएंगी और वो चाहते थे कि मै इस कार्यक्रम में मौजूद रहूं। शरद पवार ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि किसी प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी जाती है लेकिन जब गडकरी के प्रोजेक्ट की बात आती है तब कुछ ही दिनों के अंदर काम होता हुआ नजर भी आने लगता है। जनता के द्वारा चुने गये प्रतिनिधि किस तरह काम कर सकते है, नितिन गडकरी इसके बेहतरीन उदाहरण है। शरद पवार ने आगे कहा,



मुझे याद है कि गडकरी के मंत्री पद संभालने से पहले करीब 5,000 किलोमीटर का काम हुआ था। लेकिन उनके पद संभालने के बाद यह आंकड़ा 12,000 किलोमीटर के पार चला गया। अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि महाराष्ट्र के बुलढाना जिले में सड़क निर्माण के प्रोजेक्ट के दौरान नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने स्थानीय नदियों का भी ख्याल रखा।

## एक और पार्टी यूपी चुनाव में करेगी अखिलेश यादव का समर्थन

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शनिवार को वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. क्यू आर इलियास ने अपने संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच सन् 2022 के चुनावों की रणनीति पर परस्पर चर्चा हुई। वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया चुनावों में समाजवादी पार्टी के पक्ष में प्रचार करेगी।

# यूपी के हर जिले में फ्री आईएएस-पीसीएस कोचिंग खोलने की तैयारी में योगी सरकार

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को राज्य सरकार अब छोटे जिलों में भी लागू करने की तैयारी में है। छोटे जिलों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अभ्युदय फ्री कोचिंग का जल्द ही बड़ा सहारा मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज कल्याण



विभाग को हर जिले में अभ्युदय कोचिंग शुरू करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। सरकार की योजना छोटे जिलों के प्रतिभावान युवाओं को उनके आस पास ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना फिलहाल 18 मंडल मुख्यालयों पर संचालित हो रही है। इन महानगरों में अभ्युदय योजना से युवाओं को जबरदस्त फायदा मिला है। प्रतियोगी परीक्षाओं में यूपी के युवाओं की दमदार मौजूदगी को देखते हुए सरकार इसका दायरा बढ़ा कर प्रदेश के सभी 75 जिलों तक करने जा रही है। नीट, सीडीएस, जेईई, एनडीए और सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए ऑफलाइन माध्यम से 5,000 से अधिक और ऑनलाइन माध्यम से 10,000 से अधिक छात्रों को अभ्युदय कोचिंग के जरिये तैयार किया जा रहा है। आन लाइन उपलब्ध कराई जा रही अध्ययन सामग्री के माध्यम से 1 लाख से अधिक छात्रों को योजना का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार योजना के तहत चुने गए कुछ छात्रों को टैबलेट भी उपलब्ध कराने जा रही है, ताकि वे परीक्षाओं की तैयारी के लिए डिजिटल संसाधनों का उपयोग कर सकें । लखनऊ के मंडलायुक्त और अभ्युदय योजना के नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने बताया कि जेईई एडवांस के अगले बैच में प्रवेश के लिए 3 अक्टूबर को परीक्षा आयोजित की जा रही है। उन्होने बताया कि अभ्युदय योजना के तहत इंजीनियरिंग की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), मेडिकल की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी), की तैयारी के लिए कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा के लिए भी युवाओं को तैयार किया जा रहा है।

# किसानों के विरोध के बाद मोदी सरकार का यूटर्न, पंजाब और हरियाणा में आज से होगी धान की खरीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब और हरियाणा में धान खरीद को 11 अक्टूबर तक टालने पर किसानों के भारी विरोध के बाद केंद्र सरकार ने अपना फैसला बदल दिया है।

सरकार ने रविवार 3 अक्टूब से ही धान सहित सभी खरीफ फसलों की खरीद शुरू करने का ऐलान किया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने इसका ऐलान किया। इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन खत्म कर दिया है।खाद्य और उपभोक्ता मामलों के राज्यमंत्री अश्विनी चौबे से मुलाकात के बाद खट्टर ने कहा, मॉनसून में देरी की वजह से केंद्र सरकार ने धान और बाजरे की खरीद को 1 अक्टूबर से टालकर 11 अक्टूबर कर दिया था। इसको जल्दी शुरू करने की मांग है। खरीद कल से ही शुरू हो जाएगी।

चौबे ने भी इस बात को दोहराते हुए हुए कहा कि खरीफ फसलों की खरीद कल से ही पंजाब और हरियाणा में भी शुरू हो जाएगी। पंजाब और हरियाणा के किसानों ने धान की खरीद में हुई देरी के विरोध में शनिवार को कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। पंजाब में सत्तारूढ़ कांग्रेस और हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन के सांसदों, मंत्रियों और विधायकों के आवास तथा पंजाब में जिला आयुक्त कायालयों का घेराव किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा ने दोनों राज्यों के विधायकों के घरों के सामने विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान शुक्रवार को किया था। वहीं, पंजाब में किसान कई कांग्रेस विधायकों के आवासों के बाहर एकत्र हुए। धान की खरीद में हुई देरी के मुद्दे पर रूपनगर में विधानसभा अध्यक्ष राणा के पी सिंह और मोगा में विधायक हरजोत कमल के घर के बाहर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार ने गुरुवार को पंजाब और हरियाणा में धान की खरीद को 11 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### जसरा में प्रसूता के मौत के बाद झोलाछाप के विरुद्ध मुकदमा हुआ दर्ज

**जसरा।** जसरा के बुदांवा गांव के सामने झोलाछाप डॉक्टर रिजवान अहमद पिछले 10 वर्षों से जोहरा अस्पताल का संचालन करते थे ।शुक्रवार को खून की कमी के बाद भी ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की मौत हो गई । मृतका उमा देवी के भाई की तहरीर पर झोलाछाप के विरुद्ध कई धाराओं में घूरपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घूरपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार राय ने बताया कि प्रसूता के भाई ने घटना से संबंधित तहरीर पुलिस को दी है । जिस पर घूरपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए जोहरा अस्पताल के संचालक झोलाछाप डॉक्टर रिजवान अहमद के विरुद्ध धारा 420, 406 304 अ में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### युवक ने की छेड़खानी, थाने में शिकायत

**घूरपुर।** इलाके में एक युवती मार्केटिंग वर्कर एक युवक के घर सामान बेचने के लिए पहुंची तो दो युवको ने उससे छेड़खानी करने लगे। विरोध पर युवक बच्चों की चोरी के मामले में फसाने की धमकी दे जोर जबरजस्ती पर आमादा हो गया। युवती ने थाने में शिकायत की है। शनिवार के दिन शहर स्थित एक मार्केटिंग कंपनी की एक युवती मार्केटिंग वर्कर अपनी प्रोडक्ट बेचते बेचते स्थानीय बाजार के समीप एक बस्ती के एक घर पहुंच अपनी प्रोडक्ट दिखाने लगी तो घर में मौजूद दोनो युवकों ने छेड़खानी करने लगे विरोध और पुलिस से शिकायत करने की बात पर आरोपी युवकों ने बच्चों की चोरी के मामले में फसाने की धमकी दे जोर जबदस्ती करने लगे। आरोपी युवक भी थाने पहुंच अपने को बेकसूर बताते हुए उल्टे बच्चों की चोरी किए जाने की मनगढत बात कहने लगा। आरोपी युवक नशे में धुत था। और थाने में भी लड़खड़ा रहा था।

### दरवाजे से बाइक उठा ले गए चोर

**घूरपुर।** इलाके में बाइक चोरो का गिरोह फिर सक्रिय हो गया है। चोरों का हौसला इस कदर बढ़ गया है कि अब घरों के दरवाजे पर खड़ी बाइके भी उड़ा दे रहे हैं। सेमरा कल्बना गांव निवासी श्रेष्ठ कुमार जायसवाल पुत्र हरिशचंद्र अपने घर का निर्माण करा रहे थे इसलिए शुक्रवार की रात घर के दरवाजे पर बाइक खड़ी कर परिजन सहित कमरे में सो गए थे। शनिवार की सुबह लोगों ने देखा तो बाइक नहीं थी। तो परिजनों में हड़कंप हो गया। पीड़ित ने में बाइक चोरी हो जाने की शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग है।

# भदोही सांसद रमेश बिंद ने विकास मेले में योजनाओं की दी जानकारी




सैदाबाद ब्लाक मुख्यालय में विकास मेलो लाभार्थी शिविर को सम्बोधित करते भदोही सांसद डा. रमेश बिन्द।

अखंड भारत संदेश

**सैदाबाद।** सैदाबाद ब्लाक मुख्यालय मे विकास मेला लाभार्थी शिविर का आयोजन किया गया। मेले मे पहुचे भदोही सांसद डा रमेश बिंद व अन्य अधिकारियो ने लोगो को सरकारी योजनाओ की जानकारी दी। ब्लाक मुख्यालय मे ग्रामीणो की सुविधा के लिये विभिन्न विभागो द्वारा पेंशन, स्वास्थ्य, श्रमिक, उज्वला गैस, राशनकार्ड, स्वय सहायता समूह, आवास, सामुदायिक शौचालय सहित तमाम विभागो द्वारा स्टाल लगाऐ गये थे। मेले मे पहुचे लोगो को संबंधित विभागो द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरवात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदोही सांसद डा रमेश चंद्र बिंद द्वारा लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि द्वारा पांच सामुदायिक शौचालय की देखभाल करने वालो को मानदेय का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित 9 लोगो को गृह प्रवेश कराया ग?ा। 27 पेंशन लाभार्थियों का पंजीकरण कराया गया। दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। श्रम विभाग द्वारा लेबर कार्ड का वितरण किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओ के द्वारा विभिन्न स्टाल लगाऐ गये थे। कृषि विभाग ने किसान सम्मान योजना के तहत कई किसानो का पंजीकरण किया गया।पशुपालन विभाग व लघु सिचाई विभाग के द्वारा लोगो को विभिन्न जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह ने किया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि सरकार की छोटी से छोटी योजनाओ को जन जन तक पहुचना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है।इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अशोक मौर्या,उपायुक्त मनरेगा कपिल कुमार, अखिलेश कुमार तिवारी, बृजेश नारायण, दिव्यांशु तिवारी, वेद प्रकाश पांडेय,अनिल वरनवाल,सर्वेश आदि लोग उपस्थित रहे।

### वृद्ध महिला के साथ अधेड़ ने किया दुष्कर्म, शिकायत

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव की एक वृद्ध महिला ने गांव के ही अधेड़ व्यक्ति के ऊपर जबरन दुष्कर्म करने की शिकायत घूरपुर पुलिस से की है । शिकायत पत्र मिलने के बाद पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है ।\घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की लगभग साठ वर्षीय महिला के साथ गांव के ही एक अधेड़ व्यक्ति ने जबरन एक पखवाड़े पूर्व दुष्कर्म किया था । घटना के बाद पीड़िता ने लोकलाज के चलते घटना के समय विरादरी की बात मानते हुए शिकायत नहीं की। जिसे लेकर आरोपी अधेड़ का हौशला बढ़ गया । घटना के कई दिन बाद दो दिन पूर्व आरोपी फिर रात के समय महिला के घर पहुंचा और पुनः दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा । महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला । पीड़िता ने घूरपुर थाने पहुंच उपरोक्त मामले की शिकायत की है । पुलिस शिकायती पत्र लेकर मामले की जांच कर रही है ।

# गांव में बन रही कॉलोनियों को वन विभाग के कर्मचारियों ने रोका

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** ग्रामसभा भइयां में वन विभाग द्वारा बन रही आवास को ढहाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि ग्रामसभा भइयां के सीमा में वन विभाग की सैकड़ों बीघा जमीन है, लेकिन सीमांकन नही हो सका है। कुछ पर कब्जा है, तो कुछ एक को पट्टा कर दिया गया है, जिससे राजस्व व वन विभाग में विवाद खड़ा हो गया है। इसी की बानगी गाँव मे देखने को मिली। गाँव के ही छोटेलाल का परिवार कालोनी निर्माण कर रहा था, वन विभाग को भनक लगने पर विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंच निमार्णाधीन दीवाल को तोड़ दिया। जिसमें तलऊ आदिवासी के साथ तीन अन्य का निमार्णाधीन कालोनी वन विभाग मेजा द्वारा गिरा दिया। दरअसल ग्राम सभा भइयां मे काफी बड़ा क्षेत्र वन विभाग मेजा रेंज का भी है। जिसका सीमांकन अभी तक नही हो पाया है।



गांव में बन रही कालोनियों को वन विभाग द्वारा रोके जाने पर ग्रामीणों की भीड़

### ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीण एसडीएम के पास पहुंच गुहार लगाई। इसमे वे लोग भी थे, जो तालाबों पर घर बनाकर रह रहे हैं। ग्राम प्रधान पति दिनेश कुमार ने प्रतिनिधित्व किया। ग्राम सभा के पैड पर ज्ञापन सौंपा गया है, कि ग्रामीणों को कुछ माह पहले पट्टा आबंटन की सूची बनाकर हल्का लेखपाल को दी गई थी, लेकिन आज तक काम अधर पर ही लटका है। ज्ञापन मे राजस्व निरीक्षक के ऊपर पैसा मागने का आरोप लगाया गया है, कि पैसे न दे पाने की स्थिति में पट्टा आबंटन नही हो पाया है। यह भी उल्लेखित किया गया है, कि जो वन विभाग द्वारा मकान क्षतिग्रस्त किया गया है, उसका मुवावजा भी प्रदान किया जाय। इस पर उपजिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह ने उचित कार्रवाई का अस्वासन दिया है। उन्होंने आस्वासन दिया कि नाप कराकर समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

तालाब में बसी बस्ती के आदिवासी अब इसी पहाड़ी क्षेत्र में बसने का रुख कर लिए हैं। कुछ को पट्टा भी मिला है और कुछ अभी सीमांकन की अधर में हैं।

### अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत दूसरा घायल

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के कोटहा गांव के समीप अनियंत्रित अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार युवको को टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही एक की मौत हो गई तथा दूसरे को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार संजय भारतीया (32) पुत्र राजमणि निवासी धरी थाना करछना प्रयागराज अपनी रिश्तेदारी मेजा थाना क्षेत्र के भड़ेवड़ा गांव आया हुआ था। शनिवार सुबह वह अपने रिश्तेदार के साथ घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग (76) के कोटहा गांव के समीप पहुंचा ही था कि प्रयागराज की ओर से मिजार्पुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात बोलेरो गाड़ी ने बाइक सवार युवकों को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। जहां घटनास्थल पर ही संजय की दर्दनाक मौत हो गयी तथा साथ में रहे रिश्तेदार को मामूली चोटें आई। सूचना पर कोतवाल मेजा अरुण कुमार चतुवेर्दी चौकी प्रभारी मेजारोड पंकज त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेते हैं घटना की जानकारी परिजनों को दिया। बदहवास परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े मृतक का शव देखकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा।



मौत के बाद घटनास्थल पर पुलिस टीम व लोगों की भीड़

## न्यूज झरोखा

### प्रकाश पब्लिक स्कूल डीहा में गांधी जयंती पर प्रथम अंक पाने वाले छात्र हुए पुरस्कृत



**करछना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री की जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव ने स्कूल में पढने वाले छात्रों एवं छात्राओं को प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया ।इसके पूर्व विद्यालय परिवार की ओर से जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, इस उपरांत स्कूल के बच्चों ने देश भक्ति की भावना से राष्ट्रीय गीतों के माध्यम से जयंती समारोह में महान विभूतियों के याद में कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए राष्ट्र को संदेस दिया और रंगा रंग कार्यक्रम की झडी लगा दी ।कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक की ओर से उपस्थित सभी लोगों आभार व्यक्त किया और सभी का मुंह मीठा कराया ।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलसी राम यादव, बरछी बहादुर यादव, प्रधान प्रतिनिधि डीहा दूध नाथ यादव, सहित स्कूल के स्टाप व छात्र उपस्थित रहे ।

### भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान



**जसरा।** शनिवार 2 अक्टूबर गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में जसरा ब्लाक अंतर्गत सुजावन देव धाम भीटा में भाजपा जिलामंत्री कमलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में साफ सफाई का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने कहा कि बापू ने देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करवाने में सबसे अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के पश्चात जसरा के दौना मंदिर में भी मंडल अध्यक्ष जगतनारायण शुक्ल की अध्यक्षता में सफाई की गई और लोगों को भाजपा सरकार के द्वारा किए गए व आगे कराए जा रहे कार्यों के विषय में भी प्रपत्र देकर बताया गया। कार्यक्रम में महामंत्री नीरज केसरवानी,मंडल मीडिया प्रभारी आलोक पाठक, आशीष सोनकर,अभिषेक शुक्ला, सुबोध जायसवाल, विजय बहादुर सिंह, अश्वनी केसरवानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता, राजन प्रताप सिंह, राहुल पाल व इसी कार्यक्रम के दौरान प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने अपनी टीम के साथ सफाई अभियान चलाया जिसमे मुख्य रूप से रावेंद्र तिवारी, रामजी त्रिपाठी, के साथ दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डाटा फीडिंग कराए जाने से नाराज शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**शंकरगढ़।** परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को मिलने वाले यूनिफॉर्म,स्वेटर,जूता, मोजा,बैग आदि के धन को सीधे अभिवावकों के खाते में भेजे जाने के लिए विभाग द्वारा आये आदेश डाटा फीडिंग कराए जाने को लेकर शिक्षकों में आक्रोश है। जिसे लेकर शुक्रवार के दिन उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ शंकरगढ़ इकाई ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र बीईओ शंकरगढ़ के प्रतिनिधि को सौंपा है। शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने एक आदेश जारी किया कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों जिनको ड्रेस,स्वेटर,स्कूल बैग,जूता मोजा दिया जाना है । जिसे छात्रों तक पहुंचने के छात्रों के अभिवावकों का बैंक खाता आधार से लिंक कराया जाय। उक्त आदेश का पालन करने में शिक्षकों ने कई समस्याओं से जूझने की बात कही । शिक्षकों का आरोप है कि प्रदेश के 20 फीसदी शिक्षकों के पास एंड्रॉयड फोन नहीं है और ना ही वो चलाना जानते हैं । ना ही विभाग से कोई संसाधन ही मिला है। आरोप है कि एक छात्र के फीडिंग कार्य मे शिक्षकों को कम से कम पांच रुपये खर्च करना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, ब्लॉक मंत्री धर्मेंद्र कुमार पांडेय,नृपेंद्र सिंह, विजय सिह समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### कांग्रेसियो ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री की मनाई जयंती



**करछना।** दो अक्टूबर गांधी जयंती को ब्लाक कांग्रेस कमेटी करछना में राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सर्व प्रथम महान बिभुतियो के चित्र पर माल्यार्पण किया गया पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में रंगराज सिंह शिव विजय सिंह डा दिनेश कुमार सोनी नागेश पाण्डेय आशीष कुमार मिश्र पक ाश पाण्डेय एडो सुरेश कुमार पटेल बिद्याधर मिश्र एडो पवनेश कुमार सोनी, आशा सोनी, अकबाल बहादुर कुशवाहा मुकुट धारी नारायन दुबे, दर्जनो लोग उपस्थित रहे ।

### पंकज गौतम को मिली पीएचडी की उपाधि ,मिल रही बधाई



**कोरांव।** तहसील क्षेत्र के नीबी गांव निवासी पंकज गौतम को पीएचडी की उपाधि मिलने पर लोगों द्वारा बधाई मिल रही है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी) से पंकज ने गैर रैखिक कार्यात्मक विश्लेषण विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। पंकज ने प्रोफेसर तन्मय सोम, प्रोफेसर दयाराम साहू,आर एन महापात्रा , प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव एवम डॉ डी घोष को शोध कार्य में निरंतर समर्थन एवम धैर्य प्रदान करने सहित विशेष मार्गदर्शन करने पर गुरुजनों एवम माता पिता का आभार ज्ञापित किया है। इसके अलावा पंकज ने प्रोफेसर एलपी सिंह ,प्रोफेसर एस मुखोपाध्याय, डॉक्टर ए के झा, डॉ घनश्याम,डॉ शिवम ,डॉ वंदना, श्री अविनाश ,सुश्री दीक्षा, शिवानी, पंखुड़ी ,डॉ स्वाति ,मानुषी का धन्यवाद ज्ञापित किया है। पीएचडी की डिग्री मिलने पर संजीव सिंह, अविनाश दीक्षित ,डॉ सोमवीर सिंह ,डॉक्टर हरेंद्र सिंह, डॉक्टर आभाष झा, अंकित मिश्रा, अमित सिंह, राकेश कुमार ,सुमित कुमार, अनुवेदिता सिंह ,मोनिका मिश्रा, हरी प्रसाद गौतम, कमलेश्वर गौतम, रमेश तिवारी, कौशलेश तिवारी,सुरेश तिवारी,प्रमोद तिवारी, राहुल गौतम ,विपिन गौतम, रीनू गौतम, विवेक गौतम ,पंकज सिंह, सचिन सिंह, श्रेया अग्रवाल सहित तमाम अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### समाज की सेवा ही सच्ची सेवा : पवन पांडेय



**प्रयागराज।** श्री संकटमोचन सेवा समिति अखंड भारत का स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह शनिवार को राजापुर में मनाया गया। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र केसरवानी, प्रमिल केसरवानी, सुनील पांडेय, संस्था के संस्थापक पवन पांडेय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, सनातन प्रकोष्ठ प्रतीक केसरवानी, युवा मोर्चा राष्ट्रीय प्रभारी ऋषभ देव महाराज, एवं प्रचारक विवेक शास्त्री महाराज और संस्था के कई सदस्य सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। संस्थापक पवन पांडेय द्वारा संस्था से जुड़ने के लिए एवं निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया और संस्था द्वारा समाज की सेवा, सनातन धर्म की रक्षा, गौ रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में विशेष सेवाएं देते रहने के लिए लोगों से जुड़ने के लिए अपील की।

### कुंदौरा महादेव धाम में भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**धनूपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान सुप्रसिद्ध मंदिर कुंदौरा महादेव के प्रांगण में धनूपुर युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अनुराग पांडेय के नेतृत्व में चलाया।अनुराग पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी देश के लौह पुरुष थे हमें उनके आदर्शों व उनके विचारों का अनुसरण करते हुये राष्ट्र व समाज के लिये जागरूक होना पड़ेगा तभी हमारे देश का पुनर्निर्माण होगा।इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री सूबेदार गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी अवधेष तिवारी, जिला शोध प्रमुख सुमित तिवारी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास पांडेय, मण्डल अध्यक्ष विजय नाथ बिंद, आशीष त्रिपाठी, प्रमिल मिश्रा, अमन पांडेय, शिवम शुक्ला, पवन पांडेय, प्रवीण पांडेय, प्रिंस सिंह, मुख्तार अली, सुशील मिश्रा, पंकज शुक्ला, अंशुमान शुक्ला, पंकज पांडेय, पिंकेश, विनय, वीरेंद्र मौर्य, ज्ञानचंद्र यादव सहित तमाम कार्यकर्तामौजूद रहे।

### नागरिक पीजी कालेज जंघई में मनाई गई जयंती



**जंघई।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को नागरिक पीजी कालेज जंघई में प्राचार्य डाक्टर प्रमोद कुमार तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर डा. प्रमोद कुमार पांडेय, डा. मुकेश सिंह, डा. नवनीत रंजन मिश्र, डा. पवन कुमार दुबे, डा. दिनेश चंद्र मिश्रा, अनुज त्रिपाठी, वीरेंद्र यादव, लालचंद्र, मनोज पांडेय, राकेश तिवारी, रमेश तिवारी, रामचंद्र, मातासेवक, धर्मराज, राजकुमार, कुमार तथा बीएड छात्रों में राजेश कुमार गौतम, सिकंदर, अवधेश कुमार, संदीप सरोज, सुमित दुबे, आकाश सिंह, जगदंबा सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### भाजपाईयों ने स्वच्छता अभियान चलाया



प्रतापपुर ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सरस्वती शिशु मंदिर मनुपुर, मियांपुर में दोनों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया एवं श्रद्धांजलि देते हुए स्वच्छता अभियान चलाया ।जय जवान- जय किसान का नारा देने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शत शत नमन करते हुए सभी वक्ताओं ने इनके जीवन पर प्रकाश डाला ।भारतीय जनता पार्टी के मण्डल प्रतापपुर के अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मन्दिर मनुपुर परिसर में स्वच्छता अभियान के दौरान साफ सफाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ ।इस अवसर पर भाजपा नेता विजय शर्मा, संजय मिश्र बनकटा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सभाजीत मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा सच्चिदानन्द तिवारी, महावीर मिश्रा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष उदयवीर प्रजापति, पिछड़ा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अच्छे लाल पटेल, राजेश शुक्ल, श्यामधर शर्मा, स्वेतांक मिश्र सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जयंती पर याद किए गए बापू व लाल बहादुर शास्त्री

### सीएम गर्ल्स इं.का. मैलहन में राष्ट्रपिता व शास्त्री के जीवन पर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़कर देश की स्वतंत्रता में अपना अभिन्न योगदान देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बगैर किसी हिंसा के ही आजादी दिलाने वाले महात्मा गांधी ने साबित कर दिया की सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर भी अपने उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। उक्त बातें शनिवार को गांधी जयंती के अवसर पर मैलहन स्थिति सीएम गर्ल्स इंटर कालेज में ध्वजारोहण के पश्चात गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा ने कही। विद्यालय के अध्यापक टीएन मौर्य के साथ ही अन्य अध्यापकों ने भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डालकर उनके द्वारा देश हित में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डा०धीरज मिश्रा ने आए हुए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए देश को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की?। मौके पर एम के सिंह, वीरेंद्र तिवारी,कमलेश सरोज, अवधेश सरोज, बी एन मिश्र, केतकी, नंदिनी मौर्य, विद्यावती के साथ ही विद्यालय के छात्र व अभिवावक मौजूद रहे।



आदर्श इं.का. मैलहन में ध्वजारोहण करते प्रबंधक सालिक राम मिश्र व ग्राम प्रधान नंदलाल यादव

### महात्मा गांधी का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय : सालिक राम मिश्र

**फूलपुर।** आदर्श इण्टर कालेज मैलहन में भी गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सालिक राम मिश्र वह ग्राम प्रधान नंदलाल यादव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ ही किसानों के मसीहा कहे जाने वाले लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। विद्यालय के प्रबंधक सालिक राम मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इन दोनों महान विभूतियों से सीख लेनी चाहिए। ताकि जीवन में संघर्ष करते हुए जीवन को सरल बनाया जा सके। उन्होंने कहा सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है। मौके पर विद्यालय के छात्रों के साथ ही अध्यापक व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## सहसों में महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती मनाई गई




**सहसों।** क्षेत्र के रुदापुर स्थित भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान के प्रांगण में 2 अक्टूबर को सत्य अहिंसा के पुजारी एवं बगैर अस्त्र-शस्त्र के देश के आजादी आंदोलन के सेनानायक महात्मा गांधी जी एवं किसानों की मसीहा अखंड गौरव नायक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को शत शत नमन करते हुए उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने दोनों महान विभूतियों को पुष्पांजलि देते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस धरती पर भगवान राम और कृष्ण आए राक्षसों का संहार की धनुष बाण और चक्र लेकर परंतु इस देश के ऐसे महान आंदोलन के सेनानायक महात्मा गांधी बिना अस्त्र-शस्त्र के इस देश को प्रेमियों से आजाद कराया। हमारे देश के ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जोकि लाल बहादुर जैसा प्रधानमंत्री होना चाहिए जिन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देते हुए देश के समस्त किसानों के दिल में बैठ गए। विद्यालय नीमच छात्र-छात्राएं महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उनके याद में राष्ट्रभक्ति गीत की प्रसूति की। इस मौके पर प्रमुख रूप से मौजूद विपुल शुक्ला, अश्विनी कुमार श्रीवास्तव, शिवम उपाध्याय, देवेश कुमार सिंह, गौरव श्रीवास्तव, चितरंजन दास, कुमारी अंजली, सबा खलील, प्राची श्रीवास्तव, कुमारी सपना सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसी क्रम में सहसों स्थित युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय में एक संगोष्ठी के माध्यम से सोसायटी के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश केसरवानी ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा से नमन करते हुए याद किया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा आज इस देश के ऐसे परिवेश में ऐसे नेताओं की जरूरत है जो देश को एक कदम आगे बढ़ाने की सोचे ऐसे ही सोच के नेता लाल बहादुर शास्त्री रहे हैं। संगोष्ठी में उपस्थित इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, शेरू केसरवानी, डॉ शीलवंत सिंह, ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, सी बाबू केसरवानी, मनोज तिवारी, अमित कुमार, संजय कुमार, रोहित, आशुतोष, आशा गुप्ता, राजेश सिंह सहित लोगों ने राष्ट्रपिता एवं शास्त्री जी को पुष्पांजलि देते हुए याद किए।

### बेटियां हैं तो कल हैं : डा अनु वर्मा

**जसरा।** शनिवार को कल्याणी फाउंडेशन एवम ट्रस्ट के नेतृत्व मे महात्मा गांधी जयंती का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्कूली छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक आयोजन भी किये गए उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि कल्याणी फाउंडेशन ट्रस्ट की उपाध्यक्ष डा अनु वर्मा ने 05विद्यालयों को सोलर भेंट करते हुए बोली कि महापुरुषो का सम्पूर्ण जीवन देश के अमन चैन एवम खुशहाली कायम करने मे ही बिता अतः उनके पदचिन्हो पर चलने की आवश्यकता हैं इस अवसर पर उन्होंने सोलर को ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत बताते हुए निजी जीवन मे उपयोग करने के लिए भी प्रेरित की साथ मे देश के ऊर्जा संसाधनो को बचाने की भी के लिए भी प्रेरित की इस अवसर पर उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान करते बोली कि आगामी नवरात्रि के समापन तक मे पूरे प्रयागराज जनपद मे लगभग 31घरों मे संस्थान के द्वारा निर्गत सोलर लाइट से घर जगमग होंगें इस अवसर पर डा वर्मा ने महिला सशक्तिकरण हेतु 21बेटियों को कापी, बैग एवम वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप


### भरवारी नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद बनाने का निर्णय उचित, दायर याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कौशाम्बी की नगर पंचायत भरवारी को उच्चीकृत कर नगर पालिका परिषद बनाने की 26 अक्तूबर 16 की अधिसूचना को सांविधानिक करार दिया है। कहा है कि जनसंख्या वृद्धि प्रतिदिन हो रही है। पंचायत को परिषद में उच्चीकृत करना जनहित में है। इससे बेहतर विकास होगा। कोर्ट ने कहा कि जिलाधिकारी ने आपत्तियों पर विचार करने के बाद राज्यपाल को संस्तुति की और राज्यपाल ने संविधान के उपबंधों के तहत उच्चीकृत करने का फैसला लिया। कोर्ट ने आरटीआई रिपोर्ट को सक्षम प्राधिकारी की नहीं माना और कहा कि अधिशासी अधिकारी की जनसंख्या वृद्धि दर की रिपोर्ट तथ्यात्मक है। अनुच्छेद 226 के तहत दाखिल याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने नगर पंचायत भरवारी को नगर पालिका परिषद उच्चीकृत करने की अधिसूचना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल तथा न्यायमूर्ति साधना रानी ठाकुर की खंडपीठ ने ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों की तरफ से दाखिल सुषमा देवी, 8 अन्य, संतोष कुमार त्रिपाठी व 7 अन्य की याचिका पर दिया है।

# सीबीआई के राडार पर महंत के दो बकायेदार , हो सकती है पूछताछ

## सुसाइड नोट में 25 - 25 लाख के लिखे हैं दो नाम

अखंड भारत संदेश


महंत नरेन्द्र गिरि (फाइल फोटो)

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गिरि की मौत मामले में सीबीआई के रडार पर महंत के दो बकायेदार भी हैं। यह वे बकायेदार हैं,जिनका नाम मौके से बरामद सुसाइड नोट में लिखे थ। इसमें से एक आदित्य मिश्रा है, जबकि दूसरा प्रॉपर्टी डीलर शैलेंद्र सिंह सेंगर है। सीबीआई की टीम इनसे पूछताछ कर सकती है कि आखिर उनका महंत से किस तरह का लेनदेन था। साथ ही जिन रुपयों के बारे में सुसाइड नोट में जिक्र किया गया है, वह उन्हें महंत ने क्यों दिए थे।प्रकरण में सीबीआई की टीम उन लोगों से पूछताछ में जुटी है जो कहीं न कहीं महंत या फिर आनंद गिरि से जुड़े थे। इसी क्रम में सीबीआई की टीम जल्द ही कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा उन दो नामों की है जिनका जिक्र महंत के कमरे से बरामद सुसाइड नोट में किया गया है। सुसाइड नोट में यह बात लिखी थी कि आदित्य मिश्रा व शैलेंद्र सिंह सेंगर से 25-25 लाख का बकाया लेना है। आदित्य मिश्रा के बारे में बताया जा रहा है कि यह शख्स कभी बड़े हनुमान मंदिर परिसर में लड्डू की दुकान चलाता था। महंत की कृपा से ही उसे यह दुकान मिली थी। लेकिन बाद में किसी बात से नाराज होकर महंत ने उसे हटा दिया था। जिसके बाद वह प्रॉपर्टी का काम करने लगा। फिलहाल अब तक वह सामने नहीं आया है। न ही उसके बारे में कोई जानकारी एसआईटी ही जुटा पाई थी। इसके अलावा दूसरा नाम शैलेंद्र सिंह सेंगर का है, जिसके नाम के आगे रियल इस्टेट लिखा हुआ है। चर्चा है कि यह शख्स वह प्रॉपर्टी डीलर है जिससे पूर्व में महंत ने मठ से जुड़ी ही एक जमीन का सौदा किया था। फिलहाल अब तक कि जांच में यह नहीं साफ हो सका है कि महंत ने इन्हें रुपये क्यों दिए थे या फिर जिस बकाये का जिक्र सुसाइड नोट में किया गया, वह किस चीज से संबंधित था।

### विवाहित पुत्री नहीं है अनुकंपा नियुक्ति पाने की हकदार, खंडपीठ ने पलटा एकल पीठ का फैसला

**प्रयागराज।** विवाहित पुत्रियां अब अनुकंपा नियुक्ति पाने की हकदार नहीं होंगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने एकल न्यायपीठ के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें विवाहित पुत्री को परिवार का सदस्य मानते हुए अनुकंपा नियुक्ति पाने का हकदार माना गया था। खंडपीठ ने कहा है कि विवाहिता पुत्री मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति पाने की हकदार नहीं हैं। राज्य सरकार ने एकल न्यायपीठ के फैसले के खिलाफ विशेष अपील दाखिल की थी। अपील पर कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति एमएन भंडारी और न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की पीठ ने सुनवाई की। खंडपीठ ने विवाहित पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति की हकदार न मामने की तीन वजहें बताई हैं। पहली यह कि शिक्षण संस्थाओं के लिए बने रेग्यूलेशन 1995 के तहत विवाहिता पुत्री परिवार में शामिल नहीं है। द्वितीय आश्रित कोटे में नियुक्ति की मांग अधिकार के रूप में नहीं की जा सकती। याची ने छिपाया कि उसकी मां को पारिवारिक पेंशन मिल रही है। वह याची पर आश्रित नहीं है और तीसरे कानून एवं परंपरा दोनों के अनुसार विवाहिता पुत्री अपने पति की आश्रित होती है, पिता की आश्रित नहीं होती।

# केंद्रीय कारागार नैनी में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश


**नैनी।** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर शनिवार को केंद्रीय कारागार नैनी में बंदियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक महीने तक चलने वाले इस खेल प्रतियोगिता के लिए इंडियन ऑयल ने बंदी खिलाड़ियों को किट व खेल का सामान दिए गए हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक प्रेम नाथ पांडेय का कहना है कि आगामी दिनों में इस प्रकार के दूसरे भी आयोजन किए जाएंगे। जिससे बंदियों के मनोरंजन के साथ ही स्किल डेवलपमेंट भी होगा। आयोजन से बंदियों का शरीर और मन स्वस्थ्य रहेंगे। साथ ही बंदियों को तनाव मुक्त करने का प्रयास किया जाता है। क्योंकि खेलने से न सिर्फ शरीर स्वस्थ्य होता है, बल्कि तन के साथ ही बंदियों का मन भी स्वस्थ होता है। इस आयोजन में बैडमिंटन, शतरंज और कैरम जैसे खेलों की प्रतियोगिता के साथ ही उसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिसके लिए राज्य स्तर के कोच भी जेल में पहुंचे हैं, जो खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षित भी कर रहे हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने यह भी बताया कि इस आयोजन से नैनी जेल में उन बंदियों के चेहरे पर उत्साह भी दिख रहा है, जिनमें खेलों के प्रति रुचि और उत्साह है। खेल प्रतियोगिता और प्रशिक्षण में शामिल होने वाले बंदी काफी उत्साहित हैं। बंदियों का कहना है कि इस तरह के आयोजन से उन्हें जेल के अंदर रहकर भी खुश होने का अवसर प्राप्त होता है और इस तरह का आयोजन हमेशा होता रहना चाहिए। जिससे जेल के अंदर रहने से बंदियों के अंदर जो तनाव होता है, उसे कम किया जा सके। महीने भर तक चलने वाले खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम को प्रायोजित करके इंडियन ऑयल ने बंदियों को जेल के अंदर रहते हुए खुशी देने की पहल की है। कंपनी के अफसरों का कहना है कि उनकी कोशिश रहेगी कि इस तरह का आयोजन आगे भी संचालित होता रहे।


केन्द्रीय कारागार में बंदियों के लिए आयोजित की गयी खेल प्रतियोगिता

# सत्य अहिंसा का मार्ग शक्तिशाली जनों का मार्ग : स्वामी श्री योगी सत्यम

अखंड भारत संदेश


साधकों को महात्मा गांधी के जीवन को समझाते स्वामी श्री योगी सत्यम


परमहंस योगानंद जी के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

**प्रयागराज।** क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ गांधी जयंती मनाई गई ' इस अवसर पर क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने महात्मा गांधी जी और सत्य व अहिंसा पर वैज्ञानिक तरीके से अमर अलौकिक संदेश दिया, क्रियायोग अभ्यास कराते हुए गुरु जी ने कहां की परमहंस योगानंद जी महासमाधि के पूर्व अपने संदेश में महात्मा गांधी को महान पैगंबर कहा है ' तथा स्वामी जी ने यह भी स्पष्ट किया कि सत्य अहिंसा का सिद्धांत अनंत काल से चला आ रहा है पैगंबर बार बार पृथ्वी पर आकर जनमानस को इसी सिद्धांत के बारे में जागरूक करते हैं ' परमहंस योगानंद जी 1920 में क्रियायोग का वैज्ञानिक प्रशिक्षण देने अमेरिका गए थे उन्होंने 32 साल क्रियायोग का व्यापक प्रशिक्षण देने के उपरांत 7 मार्च 1952 को लॉस एंजेलिस के विल्ट मोर होटल में 50 देशों के दूतावास के गणमान्य अधिकारियों , काउंसलेट जनरल व अम्बेसडर श्री विनय रंजन सेन के सम्मुख संदेश में महात्मा गांधी को ईशदूत कहा है। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी परमहंस योगानंद से क्रियायोग की दीक्षा लिये थे। महासमाधि के 20 दिन के पश्चात भी परमहंस योगानंद जी की शरीर में कोई दुर्गंध सड़न व त्वचा में शुष्कता नहीं आई थी यह अद्भुत घटना स्पष्ट करता है कि उनकी जीवनशैली सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर पूर्णतया आधारित थी क्रियायोग के अभ्यास से स्पष्ट अनुभव होता है कि मनुष्य का धर्म सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलना है ' महात्मा गांधी का जन्म जनमानस को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाने उस पर चलने व चलाने के लिए हुआ था ' गुरु जी ने उपस्थित साधकों को यह भी बताया कि सत्य व अहिंसा का मार्ग शक्तिशाली जनों का मार्ग है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के मन में कभी भी किसी के प्रति कोई शिकायत नहीं थी, ना भगवान के प्रति और ना उनके सीने में गोली मारने वाला क्रूर गोडसे के प्रति ' जब कोई व्यक्ति शिकायत शून्य होता है ,तब वह परम आनंद प्रेम की शक्ति से चार्ज रहता है अनंत प्रेम ही अनंत शक्ति है इस स्थिति में व्यक्ति थकावट रहित व चिंता रहित होता है और व्यक्ति सारे समस्याओं को आसानी से दूर कर लेता है ' विश्व के सभी राष्ट्रों की समस्याओं को आसानी से दूर करने के लिए महात्मा गांधी का संदेश व क्रियायोग विज्ञान की शिक्षा अचूक साधन है।

### वरिष्ठ समाजसेवी ने प्राचीन शिव मंदिर का शुरू कराया निर्माण कार्य

**मेजा रोड।** प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए वरिष्ठ समाजसेवी ने हाथ बढ़ाया है, जिसे लेकर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। बता दें कि सोरांव गांव के रेलवे स्टेशन के समीप प्राचीन शिव मंदिर पिछले कई सालों से जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़ा था। जिसे दुरुस्त कराने के लिए गांव के ही सुनील कुमार गौड़ पुत्र हरिशंकर गौड़ (गब्बर) तथा उनके चाचा देवीशंकर के साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर को दुरुस्त कराने का कार्य शुरू कराया गया।अपनी क्षमता के अनुसार मंदिर का निर्माण शुरू हो गया, लेकिन बजट कम होने पर उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील किया। मंदिर के जीर्णोद्धार की जानकारी जैसे ही मानस प्रचारिणी समिति पांती, मेजारोड के प्रबंधक, वरिष्ठ समाजसेवी ईंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय को हुई उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार कराने की हामी भरते हुए मौके पर पहुंच जीर्णोद्धार कराने की हामी भरी। देखा जाए तो समाजसेवी के द्वारा धर्म के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाना कोई नई बात नहीं है, उनका सहयोग समाज के प्रति तथा उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहना उनकी सामाजिकता को दर्शाती है।

## स्कूलों मे मनाई गई महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती



**मेजारोड।** मेजा क्षेत्र के स्कूलों में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। बता दें कि मेजा क्षेत्र के जनवार मे स्थित सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल मे प्रधानाचार्य अंकिता खेरा ने महात्मा गांधी वह लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। इस मौके पर अभिषेक खेरा, जगदीश सिंह, बबीता, प्रेमलता, संगीता, मनोज तिवारी, बृजेश, दीपक, गोलू सहित स्कूल के अध्यापक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे। वहीं मेजारोड बाजार के आर के माडर्न पब्लिक स्कूल के को प्रबंधक रमाकांत मिश्र व प्रधानाचार्य राजेंद्र मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। ज्ञानेश्वर मिश्रा सहित स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर बीएलसिंह स्कूल में खेल का आयोजन, पुरुस्कृत हुए प्रतिभागी छात्र



**घूरपुर।** घूरपुर के पूरे खगन स्थित बी एल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता आयोजन के पहले विद्यालय के संचालक पुष्पराज सिंह, प्रबंधक नागेंद्र सिंह प्रधानाचार्य विनय कुमार शर्मा सहित शिक्षको छात्रों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के द्वितीय पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के बाद छात्रों को महात्मा गांधी और शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनके बताए मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद कबड्डी, खोखो, जलेबी दौड़ खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमे विजई प्रतिभागी टीम खिलाड़ियों में अंकित सिंह, आकाश शुक्ल, रोहित गौतम, अंकुश कुशवाहा, अंजलि पटेल समृद्धि पटेल, दिव्या पटेल, प्रीती शुक्ला आदि को संचालक पुष्पराज सिंह ने पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया। शिक्षक जगत बहादुर पटेल, पवन कुमार गुप्ता, इंद्र कांत कुशवाहा, नरेंद्र पटेल, अर्चना गौतम, कोमल पांडेय, रंजना भारती आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती के अवसर पर गोष्टी, एवम लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई



**कोरांव।** गांधी जयंती के सुबह अवसर पर पूर्व कांग्रेसी प. नर्वदा प्रसाद मिश्र के यहां गोष्टी का आयोजन अंबुज मिश्र के द्वारा किया गया। जिसके जिला अध्यक्ष सूरज शुक्ला ने गांधी जी के विचारो पर चलने के लिए लोगो को प्रेरित करते हुऐ कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल के इस देश मै व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए, और इस देश की तकदीर बदलनी होगी। इस क्रम में उपस्थित कांग्रेस नेता माधवी राय ने गांधी के आंदोलन की बात बताए और लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान जय किसान नारा दिया। कार्यक्रम मैं उपस्थित मुख्य रुप से सूरज शुक्ला , सुनील द्विवेदी , अम्बुज मिश्र, माधवी राय, कुशुम राय,शिवम तिवारी, अंकुर तिवारी , अंकुस यादव रहे। इसी प्रकार पूर्व कांग्रेसी प. नर्वदा प्रसाद मिश्र के यहां गोष्टी का आयोजन अंबुज मिश्र के द्वारा किया गया जिसके जिला अध्यक्ष सूरज शुक्ला ने गांधी जी के विचारो पर चलने के लिए लोगो को प्रेरित करते हुऐ सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल के इस देश मै व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए और इस देश की तकदीर बदलनी होगी इस क्रम में उपस्थित कांग्रेस नेता माधवी राय ने गांधी के आंदोलन की बात बताए और लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान जय किसान नारा दिया कार्यक्रम मैं उपस्थित मुख्य रुप से सूरज शुक्ला , सुनील द्विवेदी , अम्बुज मिश्र, माधवी राय,कुशुम राय,शिवम तिवारी, अंकुर तिवारी , अंकुस यादव, डब्लू यादव, बनू राम पाल, विष्णु कुशवाहा, प्रांजल, प्रिंस,मोहन लाल रजत और अन्य उपस्थित रहेडब्लू यादव, बनू राम पाल, विष्णु कुशवाहा, प्रांजल, प्रिंस,मोहन लाल रजत और अन्य उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए एडीओ पंचायत को मिला प्रशस्ति पत्र

### जिला स्वच्छता समिति ने किया सम्मानित



एडीओ फूलपुर को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करते जिलाधिकारी

फूलपुर। सरकार की स्वच्छता सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने तथा कोरोना वैश्विक महामारी मे निष्ठा पूर्वक काम कर गांवों को कोरोना वायरस से बचाने के लिए दिए गए अपने महत्वपूर्ण योगदान पर फूलपुर विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) गुलाब चन्द पाण्डेय को जिलाधिकारी ने शनिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 75वें आजादी के अमृत महोत्सव व स्वच्छता ही सेवा के समापन पर गांधी जयंती के दिन जिला स्वच्छता समिति प्रयागराज द्वारा उन्हें अंगवस्त्र व मेमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। एडीओ पंचायत को जिला स्तरीय उच्च अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र मिलने पर फूलपुर विकास खण्ड में खुशी का माहौल रहा। कर्मचारियों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के सम्मानित होने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गांवों को खुले में शौच से मुक्त करने का कार्य हो या कोरोना के खिलाफ जंग जीतने की बात हो इन विषम परिस्थितियों में उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं सम्मानित हुए सहायक विकास अधिकारी गुलाब चन्द पाण्डेय ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष व फूलपुर ब्लाक प्रमुख की गरिमामय उपस्थिति में जिला स्तरीय उच्च अधिकारियों के द्वारा सम्मानित होने का पल सुखद रहा।

### महान पुरुषों के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण


बीडीओ करछना जितेन्द्र कुमार ने स्वतंत्रता सेनानियों की शिला लेख पर पुष्प अर्पित करते हुए

**करछना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारतरत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती है। इन महापुरुषों के जयंती पर सभी प्रशासनिक कार्यालयों एवं संस्थानों पर विशेष कार्यक्रम के तहत प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण कर उनके संघर्षपूर्ण जीवन से सबक लेने तथा आदर्शो को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया गया करछना ब्लाक मे प्रशासनिक अधिकारियों एवं ब्लाक प्रमुख करछना सरोज द्विवेदी के प्रतिनिधि पति कमलेश द्विवेदी ने दोनों महान पुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किये। इस दौरान उनके आदर्शों को याद करते हुए कहा कि इनके जीवन एवं आदर्शो से हर किसी के लिए प्रेरणादायी है।उनके विचार सशक्त एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिए कारगर हैं । वहीं जयन्ती पर्व ब्लाक मुख्यालय पर ध्वजा रोहण कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया । इस मौके पर पी आर डी के जवानों ने सलामी दी, और स्वतंत्रता सेनानियों के शिलालेख पर पुष्प अर्पित करते हुए याद किया गया ।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी करछना जितेन्द्र कुमार,प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, विवेक कुमार मिश्रा,रामेश्वर प्रसाद सिंह, अवतार किशन सिंह, अल्प नारायण सिंह उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन जनपद ईकाई प्रयागराज के अध्यक्ष, मनीष शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में ब्लाक कर्मी मौजूद रहे ।

# देश में लोगों के दिलों में आज भी धकड़कता हैं महात्मा गांधी का नाम : अल्प नारायण

## जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गीतों से छाया रहा बापू का सफर नामा


बापू की जयंती पर प्रकाश डालते हुए अल्प नारायण सिंह

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड करछना में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हे पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया इस अवसर पर विकास खंड करछना के उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन जनपद ईकाई प्रयागराज के अध्यक्ष अल्प नारायण सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधान मंत्री पं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश के लोगों के दिलों में आज भी बहुत याद आते हैं, उनके बिचार और देश के लिए जीवन समर्पित करने राष्टपिता पिता महात्मा गाँधी केलिए आल भी दिल धडकता हैं, और आने वाले समय में भी याद किए जाते रहेगे इस मौके पर खंड विकास अधिकारी करछना जितेन्द्र कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ समाज कल्याण विजय शंकर यादव, एडीओ आई एस बी रामेश्वरम प्रसाद सिंह,,संतोष पाण्डेय, अवतार किशन सिंह एडवोकेट अध्यक्ष प्रधान संघ करछना, ओपी सिंह पटेल, ने जयंती के अवसर पर अपने बिचार व्यक किया और उनकी तस्वीर पर फूल अर्पित करते हुए नमन किया । जयंती के अवसर पर प्रमुख लोगों में चंद्र प्रकाश तिवारी, अमर नाथ द्विवेदी, दूध नाथ यादव, दीप नारायण प्रधान जगौती, अतुल मिश्रा, दुष्यन्त प्रताप सिंह, मोहम्मद फिरोज, रबी विश्वकर्मा, संजय यादव, समर सिंह, अरविंद कुमार सहित बडी संख्या में प्रधान पीआर डी के जवान उपस्थित रहे।

### बच्चों ने स्वच्छता रैली निकाल कर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प




**शंकरगढ़।** प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सरकारी कार्यालयों के साथ साथ सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी संस्थानों में भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए। नगर पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ में चेयरमैन लल्लू कनौजिया की अगुवाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित कर अमृत महोत्सव मनाया गया। मौके पर ईओ सत्येंद्र प्रकाश, लिपिक प्रदीप कुमार, सभासद सुजीत केसरवानी, सभासद सुधा गुप्ता, सभासद ज्योति केसरवानी, प्रकाश चंद गुप्ता, भाजपा नेता मसूरिया दीन वर्मा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह,बल्लू केसरवानी,मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी, दीपू शुक्ला, कमलेश केशरवानी अंशुमान सिंह, अमित यादव, गया प्रसाद, सूरज केसरवानी, उमा वर्मा, कुशल कुमार आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह पंचबन्धु जन सेवा केन्द्र कल्याणपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी का लाइव टेलीकास्ट का प्रसारण कर राष्ट्रपिता के ग्राम-स्वराज के विजन *जल शक्ति मंत्रालय* द्वारा प्रायोजित *पानी समिति* के सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री के साथ लाइव संवाद किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी कॉमन सर्विस केन्द्रों में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा आम जनमानस की पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए योजनाएं चलाई जाने की बात कही गई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी को स्वच्छ बनाने हेतु चर्चा किया गया। प्रधानमंत्री ने स्थानीय समाजसेवियों की प्रशंसा की। प्रयागराज के जिला प्रबंधक आशीष तिवारी एवं चन्दन तुलस्यान ने बताया कि जिले में कुल 400 से अधिक केंद्रों पर लाइव टेलीकास्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह, विपिन कुमार सिंह, संदीप सिंह, मनोज केसरवानी, विएलई दिनेश कुमार केसरवानी, प्रकाश वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें। इसी तरह पूर्व माध्यमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय शंकरगढ़ में भी गांधी जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र सिंह,नृपेंद्र सिंह,अतुलेश्वरी गुप्ता, पारस द्विवेदी आदि लोग मौजूद है। इसी तरह राजा कमलाकर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह, नवोदित शिक्षा केंद्र लाइनपार में प्रबंधक संतोष त्रिपाठी द्वारा बापू को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसीतरह गौहनिया, कर्मा रोड पर स्थित डीडीयू-जीकेवाई सेंटर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रोजेक्ट हेड प्रवीण द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन करके गांधी एवं शास्त्री जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। सेंटर मैनेजर सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने भी दोनों महापुरुषों को याद किया। इस दौरान बच्चो ने स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली । इस दौरान डोमेन ट्रेनर अनुराग कुमार, दीप माला द्विवेदी, अंजुला वैश्य, मोबिलाइजर अनुराग कुमार, शुभम विश्वकर्मा, रंगिता सिंह, रति पल, विनय कुमार, शालिनी शर्मा, के अलावा कैंडिडेट आशीष कुमार, ऊषा, सलोनी, उमंग कुशवाहा, महेन्द्र , विकास बघेल, सत्यम, मनीष सोनकर, कोमल कुशवाहा, कंचन यादव आदि उपस्थित थे।

# शहीदो की याद में रानीगंज में विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा

## गांधी जी ने दिया था स्वच्छ रहकर स्वस्थ रहने का संदेश



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ रानीगंज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर विधायक रानीगंज अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सम्भ्रांत जनों ने अमर शहीदों की स्मृति में विशाल तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को शहीदों के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

शनिवार को दोपहर में तिरंगा यात्रा बभनमई स्थित कार्यालय से शुरू होकर हजारों दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों के साथ क्षेत्रीय विधायक धीरज ओझा की अगुवाई में केंद्रीय कार्यालय बभनमई से प्रारम्भ हुई विशाल तिरंगा यात्रा रानीगंज, लच्छीपुर, जामतली होते हुए दांदूपुर स्थित गांधी समापन पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान विधायक धीरज ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जहां हमें अहिंसा एवं स्वच्छता को आत्मसात कर स्वस्थ एवं सुखमय जीवन का मूलमंत्र दिया था तो वही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी व सम्मान के साथ जीना सिखाया। उन्होंने आगे कहा कि गांधी चबूतरा दांदूपुर राष्ट्रपिता की एक अमर स्मृति है किंतु पूर्व के जन प्रतिनिधियों के उपेक्षात्मक रवैये के चलते इस ऐतिहासिक धरोहर का विकास नही हो सका किंतु प्रधानमंत्री मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी जी की प्रेरणा से गांधी चबूतरे को भूमाफियाओं के चंगुल से मुक्त कराते हुए इसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन में प्रेषित किया गया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर गिरी, प्रशान्त श्रीवास्तव, विजय कौशल व बृजेश कश्यप, गिरीश गोलू, हरदेव पटेल समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं सुभेक्षु जन मौजूद रहे।




# जिला कांग्रेस कार्यालय पर गांधी व शास्त्री को किया गया नमन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाई गई जिस का संचालन शहर अध्यक्ष इरफान अली ने किया जिलाध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि आज हमें महात्मा गांधी की सोच पर चलने और उनके संदेशों को अपनाने की जरूरत है जिस तरह गांधी जी ने अहिंसा के सहारे देश को आजाद कराया आज की यह तानाशाही सरकार देश को पूंजीपतियों के हाथ मैं गिरवी रखने का कार्य कर रही है हम सबको आंदोलन के सहारे इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष इरफान अली महेंद्र शुक्ला व रोहित शुक्ला डॉ वीके सिंह ने भी विचार रखे।

गांधी जयंती पर वेदांत तिवारी आशुतोष तिवारी उत्सव भूषण पाल ज्योति तिवारी फतेह बहादुर सिंह सुरेश मिश्रा अब्दुल रहमान मकरंद शुक्ला राम लखन तिवारी मोहम्मद इश्तियाक अरुण कुमार शुक्ला मोहम्मद दिलशाद शिवम मिश्रा मोहम्मद नदीम अजीत सिंह आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

# रामधुनि के बीच प्रमोद व मोना के समर्थन मे हुआ सांकेतिक उपवास, मुकदमों से खफा कांग्रेसी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के खिलाफ दर्ज मुकदमो को लेकर कांग्रेसियो ने शनिवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सुबह से ही नगर के चौक पर एकत्रित हुए कांग्रेसियो ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के साथ शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पार्क मे रामधुनि गाते हुए विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी के खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर सांकेतिक उपवास पर बैठ गये।

मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि सांसद संगमलाल गुप्ता के द्वारा दर्ज करायी गई एफआईआर अब खुद उनके ही द्वारा जारी विज्ञप्तियो मे भी झूठ साबित होने लगी है। उन्होनें कहा कि सांसद खुद कह रहे है कि सांगीपुर मे वह अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ कार्यक्रम स्थल से सुरक्षित निकले। उन्होनें कहा कि यह सांसद की हताशा ही है कि वह अब अपनी ही सरकार के मंत्रियो तथा विधायको तक पर अपनी ही पार्टी के भीतर शुरू किये गये द्वंद युद्ध की खींझ मे कीचड़ उछाल रहे है। उन्होनें कहा कि किसी भी निर्वाचित विधायक को क्षेत्र के विकास अथवा जनता के हित मे जुड़े कार्यो से सरकार और प्रशासन से जुड़े लोगों के समक्ष अपनी बात रखने का संवैधानिक हक आखिर सांसद कैसे छीन सकते है। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सिंटू मिश्र ने किया। इस मौके पर व्यापारी नेता एबादुर्रहमान, सभासद सोनू शुक्ल, मनोज तिवारी, मुनन शुक्ला, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, राजकुमार मिश्र, प्रीतेन्द्र ओझा, विद्याशंकर मिश्र, राजेश तिवारी, मुरलीधर तिवारी, शिवकुमार शर्मा, ज्ञानू तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्र, आदि रहे।

# नपा कर्मचारियो ने ली स्वच्छता की शपथ, सफाई कर्मी हुए सम्मानित

**नगर पालिका ने गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली स्वच्छता रैली?**



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने आज नगरपालिका में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद कम्पनी गार्डेन में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के मूतिर्यो पर माला अर्पित किया। उनके साथ अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह व सभी कर्मचारी सभासदो ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अम्बेडकर चौराहे पर सभी कर्मचारियो व सभासदो ने स्वच्छता की शपथ ली।

उसके बाद दिन में 11 बजे राजकीय इण्टर कालेज के गेट से सफाई कमिर्यो ने बैण्ड बाजे के साथ जुलूस निकाला। जिसको नगरपालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता का यह जुलूस होते हुए तुलसीसदन हादीहाल पहुंचा। जहां सभी सफाई कर्मचारियो तथा नगर के प्रमुख व्यवसायियो को नपा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह ने सम्मानित करते हुए कहा कि गांधी जी के स्वच्छ भारत का सपना प्रधान मंत्री मोदी जी पूरा कर रहे है।

ग्रामीण क्षेत्र में शौचालयो के निर्माण से खुले शौच का प्रचलन समाप्त हुआ है। अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह ने सम्मानित कर्मचारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही हम महामारी कोरोना से लड़ चुके है। इसमे सफाई कर्मचारियो का विशेष सहयोग रहा है। हादीहाल में कार्यक्रम का संचालन सभासद ज्ञानेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर भाजपा के काशी क्षेत्र के मंत्री नागेन्द्र रघुवंशी ने पालिका के कर्मचारियो और व्यवसायियो का स्वागत किया। हरि प्रताप सिंह ने कहा कि यह नगर मेरे लिए मंदिर है, नागरिक मेरे लिए देवता सामान है। इस अवसर पर सभासद अनिल सिंह, धर्मशील शुक्ल श्रीनाथ यादव, आशुतोष सिंह, प्रकाश, आशीष जायसवाल, श्यामबाबू खण्डेलवाल, प्रताप बहादुर, ए.के. सिंह, संजीव आहूजा, शरद केसरवानी, भाजयुमो के जीतेन्द्र सिंह, सफाई निरीक्षक एस.के. सिंह, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मंजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारियो से बातचीत करने के बाद ही शुरू हो अतिक्रमण विरोधी अभियानः राजेन्द्र केसरवानी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण अभियान के तहत व्यापारी उत्पीड़न के विरोध में उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक अति आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के अध्यक्षता में इन्हें के प्रतिष्ठान वृंदावन केदारनाथ सर्राफ चौक बजाजा पर संपनन्‍ हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

ज्ञात हो कि नगर पालिका द्वारा चंद दिनों से अतिक्रमण अभियान के तहत छोटे व बड़े व्यवसायियों के तख्ते, गुमटियां व सामानों को जब्त करने का काम शुरू किया गया है।

जिसके स्थगन हेतु 30 सितंबर (बृहस्पतिवार) को जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी व जिला महामंत्री संजय सोनी ने नगर पालिका जाकर अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह से निवेदन किया कि अभी व्यापारीगण कोरोना महामारी के आर्थिक बर्बादी से जूझ रहे हैं और उन्हे चंद दिनों से ही कुछ राहत की सांस मिली है। अभी व्यवसायी बंधुओं ने अपना व्यवसाय शुरू ही किया है और अब निरंतर बड़े बड़े त्यौहार भी आ गए हैं। अतः अभी



अतिक्रमण अभियान को स्थगित किया जाए। जिसे अधिशासी अधिकारी महोदय ने सहस्र स्वीकार भी किया। परंतु दूसरे दिन 1अक्टूबर (शुक्रवार) को ही किसी के विशेष आदेश पर नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मय पुलिस फोर्स सहित पूरी नगरपालिका टीम को लेकर व्यापारियों का उत्पीड़न करने के लिए शहर में निकल पड़ी और पुनः पूर्व की भांति सामानों को जब्त करना, गुमटियों को तोड़ना, बोर्डों को हटाना आदि प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया।

जिसकी जानकारी व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी को दिया। जिसपर उन्होंने अपने पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों व्यापारियों के समूह को लेकर अतिक्रमण अभियान का खुला विरोध किया। जिसपर नगर पालिका ने एसडीएम सदर महोदय को बुलवाया और तय हुआ कि व्यापारियों व नगरपालिका के आपसी सामंजस्य के बाद ही अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा और अतिक्रमण-अभियान स्थगित हुआ।

उपरोक्त घटनाक्रम के परिपेक्ष में यह बैठक रख, व्यापारीहित में सभी के मतानुसार निमनलिखित बातें तय हुई। अतिक्रमण अभियान कभी भी चलाने से पूर्व नगर पालिका को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों से बैठक करने के उपरांत ही किया जाएगा। अतिक्रमण अभियान शहर के मध्य से प्रारंभ ना होकर शहर के छोर अर्थात सदर मोड़, भंगवाचुंगी, अंबेडकर चौराहा, कटरा रोड, अचलपुर आदि जगहों से प्रारंभ किया जाए। व्यापारियों को नाले अथवा नाली तक दुकान हेतु छूट देकर, उसके बाहर अपने व अपने ग्राहकों के वाहनों को खड़ा करने की छूट दी जाए। पालिका द्वारा उचित जगह चयनित कर पार्किंग व्यवस्था की जाय। व्यापारियों से पालिका अथवा अन्य विभाग अपने बकायों की वसूली नम्रता व शालीनता के साथ करें। अंततः उपरोक्त मांगों के बाद जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार केसरवानी जी ने स्पष्ट कहा कि व्यापार मंडल ना तो अतिक्रमण के पक्ष में है और ना ही अतिक्रमण अभियान के विरोध में है, इसलिए व्यापार मंडल अपने व्यापारी बंधुओं से भी आग्रह करता है कि वे अपनी दुकानों के सामने से अतिक्रमण स्वतः हटाने का कष्ट करें, जिससे हमारे ग्राहकों को और आने-जाने वालों को असुविधा ना हो। यह हमारा नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है। इसके लिए व्यापार मण्डल बाजार में निकल कर अपने व्यापारी बंधुओं से आग्रह भी करेगा कि वे अतिक्रमण ना करें।

उपरोक्त बैठक में मुख्य रूप से राम शंकर जायसवाल, लखन बाबा, संजय सोनी, अश्विनी केशरवानी, इंद्रदेव तिवारी, सरदार महेंद्र सिंह, सुरेश चंद्र केसरवानी, सतीश चंद्र सोनी, इफ्तेखार बॉबी, शकील अख्तर, सरदार वसिंदर सिंह, नारायण खंडेलवाल, सरदार कुलविंदर सिंह, इंतजार अहमद आदि अन्य अनेक पदाधिकारी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।



# स्कूलो में धूमधाम से मनायी गयी गांधी जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के नया मालगोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में छोटे छोटे बच्चे उनका प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम गाया तथा उनका प्रिय चरखा का भी निर्माण कर उनकी सादगी और उच्च विचार को प्रदर्शित किया। प्रारम्भ में स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। प्रधानाचार्य अरूणा चार्ल्स, कंचन मिश्रा व स्कूल के छात्रो ने वृक्षारोपण किया। छात्र अभिज्ञान व छात्रा आराध्या ने केक काटकर गांधी जी व शास्त्री जी का जन्मदिन मनाया। छात्रा अनन्पूर्णा व आराध्या ने सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्ता हमारा गाना गाकर छात्र छात्राओ की तालियां बटोरी। छात्र उदित श्रीवास्तव छात्रा अनन्पूर्णा, अमाया, आयुषी, यशस्वी, अनामिका व विवेक ने गांधी जी का विभिनन्‍ मुदओ का आकर्षक चित्र बनाया। कार्यक्रम का संचालन रीतू मैम ने किया। कार्यक्रम में सहयोग करने वालो में हर्षित, उमेश तथा कोचिंग संचालक सलाउद्दीन भी रहे।



# बच्चो को बताया गया गांधी और शास्त्री के आदर्शो की कहानी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज आनंदवन इंटर कॉलेज में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रधानाचार्य राघवेंद्र शुक्ला उप प्रधानाचार्य प्रदीप शुक्ला, अध्यापिका साधना तिवारी महात्मा गांधीजी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रधानाचार्य द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा देश की आजादी एवं देश की प्रगति में उनके योगदान के बारे में बताया किस प्रकार गांधी जी ने हमको किस प्रकार अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ाया इस मौके पर निबंध प्रतियोगिता तथा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# मारपीट व तोडफोड को लेकर दर्ज हुआ रिपोर्ट

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला के दरवाजे पर हमलावर होकर मारपीट तथा तोडफोड को लेकर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के बरिस्ता निवासी मो. अनीस की पतने अंजुम बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस सितंबर को शाम छः बजे गांव के आरोपी रंजिशन उसके दरवाजे आ गये। आरोपी हजरत तथा ईशान तथा रेहाना ने गाली देते हुए उसे मारापीटा।

# एएसपी की फटकार पर छेडछाड को लेकर आरोपियो पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एएसपी की फटकार पर दलित महिला के साथ छेडछाड तथा गालीगलौज व मारपीट एवं धमकी को लेकर पुलिस ने शुक्रवार की रात केस दर्ज किया है।

कोतवाली के पूरे सेवकराय गजा का पुरवा निवासी रमेश सरोज की पतनी गुडडा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेरह अगस्त को शाम सात बजे वह शौच को गई थी। तभी गांव के इंद्रेश पटेल ने उसे अकेला देखकर छेडछाड शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इस पर परिजन आरोपियो के घर उलाहना देने गये तो आरोपियो देशराज व चंद्रेश पटेल ने गाली देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। पुलिस जांच के नाम पर केस दर्ज करने मे हीलाहवाली कर रही थी। पीड़िता ने गुरूवार को एएसपी पश्चिमी से मिलकर आपबीती सुनाई।

# किसानों की वास्तविक हितैसी है भाजपा सरकारः संतोष मिश्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वास्तव में किसानों के हित में कार्य किया है। उक्त बातें बृहस्पतिवार को आंवला किसानों एवं कृषकों के बीच उत्तर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य संतोष मिश्रा कही। उन्होंने कहा कि आज छोटा किसान हो या बड़ा किसान सबके खाते में सम्मान निधि का पैसा मिल रहा है। जो किसान की खेती के लिए काम आ रहा है। वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के रूप में आंवले को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर ले जाने के लिए प्रदेश की सरकार ने पूरी तैयारी कर ली। आज किसानों ने आंवला उद्योग लगाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का काम किया है।संतोष मिश्रा बाबागंज स्थितहनुमान मार्केट स्थित अपने कार्यालय में आंवला किसानों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान आंवला किसान इंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रसाद, लालजी, इंद्रमणि सहित कई लोग रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुशाग्र मिश्रा, नवीन खंडेलवाल, सुधीर दुबे, राकेश पांडेय सहित कई लोगों ने सहभागिता की।

**खबर संक्षेप**

## संदिग्ध दशा में युवक की फांसी से लटकते मिली लाश

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के गिरिया खालसा निवासी धीरेंद्र पुत्र कुल्लू कहार की शनिवार सुबह गांव के लोगो ने देखा की उसकी लाश फंदे से उसके घर से कुछ दूरी पर एक खडहर नुमा मकान में प्लास्टिक की रस्सी से उसका शव लटकते ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि तहसील के पास बाइक गैराज की वह दुकान चलाता था। दुकान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से वित्तपोषित है। मृतक ने एक लाख का लोन ले रखा था। घर वालों ने बताया कि देर शाम तक कोई बात नही थी लेकिन सुबह वह सौच को गया और ग्रामीणों ने देखा तो उसका शव फंदे से लटकता हुआ पाया गया ग्रामीणों में सुगबुगाहट है कि कर्ज से तंग हो कर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। चौकी प्रभारी आलोक कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है पुलिस मौत के कारण की जांच में जुटी है।

# मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

● निर्माण कार्यो में तेजी से प्रगति लाने के दिये निर्देश मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



ʻमेडिकल कालेज के निरीक्षण करते मंडलायुक्त डीएम व अन्य

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज संजय गोयल ने शनिवार को निमार्णाधीन मेडिकल कालेज, कादीपुर का निरीक्षण कर निर्माण कार्या की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर ने मण्डलायुक्त को बताया कि अप्रैल 2021 मे निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं नवम्बर 2022 मे कार्य पूर्ण किया जाना है। 03 ठेकेदार कार्य कर रहे हैं एवं 120 मैनपावर लगाये गये हैं। मेडिकल कॉलेज में मेन बिल्डिंग सहित गर्ल्स हास्टल, ब्यायज हास्टल एवं प्राचार्य रेजीडेन्स सहित आदि का निर्माण कार्य कराया जाना है मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन मेडिकल कालेज के मॉडल का अवलोकन करते हुए सब स्टेशन को इन्ट्री गेट के पास रखे जाने पर कहा कि इसे किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिये तथा पार्किगं की व्यवस्था न किये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए पार्किगं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये मण्डलायुक्त द्वारा निर्माण कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि वर्षा के कारण निर्माण कार्य में प्रगति नही हो पा रही थी, अब निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराया जायेगा। उन्होंने मेन बिल्डिंग, पानी की टंकी एवं सीवरेज सहित अन्य समान्तर कार्यों के निर्माण कार्य को प्रारम्भ न किये जाने तथा निर्माण कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर निर्देश दिये कि कार्यो में तेजी से प्रगति लाने हेतु और अधिक मैन पावर बढाये जाय एवं डबल शिफ्ट में कार्य कराया जाय। इसके साथ ही उन्होनें निर्देश दिये कि यह सुनिश्ति किया जाय कि कार्य एक भी दिन रूकने न पाये। उन्होनें कहा कि आगामी माह में उनके द्वारा पुनः निरीक्षण करने पर कार्य में प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्हांने जिलाधिकारी से कहा कि निर्माण कार्यो की लगातार निगरानी करते हुए कार्या में प्रगति सुनिश्चित करायें तत्पश्चात मण्डलायुक्त द्वारा जिला अस्पताल में निमार्णाधीन मेडिकल कालेज की बिल्डिंग का भी निरीक्षण कर विस्तृत जायजा लिया गया। उन्होंने पार्किंग की व्यवस्था न किये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने सीएमएस को जिला अस्पताल परिसर में स्थित पार्क को नगर पालिका द्वारा मेन्टेन कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होनें पीकू वार्ड का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने डेगू सहित अन्य वेक्टर जनित वीमारियों की रोकथम हेतु किये जा रहे कार्यों एवं डेगू के जांच की व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की मण्डलायुक्त ने मरीजों के परिजनो से उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होनें सीएमएस को निर्देश दिये कि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा न लिखी जाय। मरीज द्वारा बाहर से दवा लिखे जाने की शिकायत पर उन्होने सम्बन्धित चिकित्सक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होनें जिलाधिकारी से कहा कि जिला अस्पताल का नियमित आकस्मिक निरीक्षण कराकर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाय।

# पीड़ित छात्रों ने कालेज परिसर में शिक्षकों के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**महगाँव चौकी इंचार्ज ने दी धमकी विरोध प्रदर्शन शांत करो वर्ना ठोकूंगा मुकदमा कि बर्बाद हो जाएगी जिन्दगी**

**विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में जातिवाद भावना से ग्रसित शिक्षकों के खिलाफ छात्रों ने खोला मोर्चा**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के तेरामील स्थित विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के छात्रों ने जातिवाद भावना से प्रेरित शिक्षकों के खिलाफ आक्रोश जताते हुए कालेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया है। आक्रोशित छात्रों ने संकीर्ण मानसिकता से प्रेरित शिक्षकों को चेतावनी देते हुए कहा यदि समय रहते संकीर्ण मानसिकता से प्रेरित शिक्षकों ने अपनी आदत में बदलाव नहीं किया तो पीड़ित छात्रों का एक समूह सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे और पूरे कालेज की पोल खोल देंगे। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल एंड कालेज के छात्रों ने चुनिंदा शिक्षकों के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा इस कालेज में भेद - भाव के नजरिए से छात्रों को तहरीज दी जाती है तथा इस कालेज में उनके द्वारा विशेष जाति के छात्रों को बढ़ावा दिया जाता है और जातिवाद की भावना से प्रेरित शिक्षकों के द्वारा अपनी ही जाति के छात्रों को स्कूल की सभी शक्तियां प्रदान कर दी जाती है जिसके कारण विशेष जाति के छात्रों के द्वारा अन्य जाति के छात्रों को प्रताड़ित किया जाता है। विशेष जाति के छात्रों की प्रताड़ना से पीड़ित छात्रों के द्वारा विरोध करने पर उन्हें जातिवाद भावना से ग्रसित शिक्षकों के द्वारा सस्पेंड कर देने की धमकी दी जाती है और कई छात्रों को विरोध करने के सजा के रूप में बिना कारण बताए सस्पेंड भी किया जा चुका है। पीड़ित छात्रों ने स्कूल प्रबंधन के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि इस कालेज में कोरोना गाइड लाइन नियम का पालन सही तरीके से नहीं किया जाता है और कालेज में एक सीट पर तीन या उससे भी अधिक छात्रों को बिना मास्क के बैठाया जाता है और ना ही कालेज में सेनिटाइजर की व्यवस्था है और ना ही बैठने की समुचित व्यवस्था है। पीड़ित छात्रों ने कालेज प्रबंधन के ऊपर लैब के नाम पर जबरन अवैध वसूली का आरोप भी लगाया है। स्थानीय प्रशासन को जानकारी होने पर कालेज परिसर में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को शांत कराने गए महंगाँव चौकी इंचार्ज ने धमकी देते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन शांत कर दो नही तो ऐसा मुकदमा ठोकूंगा कि जिंदगी बर्बाद हो जाएगी ऐसा कहकर मंहगांव चौकी इंचार्ज वापस चले आए।

# जन्मदिन पर सैकड़ों महिलाओं को साड़ी वितरित कर किया सम्मानित



महिलाओं को साड़ी वितरित करते पूर्व प्रधान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान नथन लाल पटेल पत्रकार ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर गांव क्षेत्र की सैकड़ों गरीब महिलाओं को साड़ी बाटी है जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने भोज का भी आयोजन भी किया है उन्होंने महिलाओं को सम्मानित किया है इस मौके पर नथन पटेल ने कहा कि वह अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष गरीब महिलाओं को साड़ी बाटकर सम्मानित करते हैं और गरीब महिलाओं को साड़ी लेकर अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाते है इस मौके पर सपा नेता आनंद मोहन पटेल, फूलचंद्र केशरवनी, शाहिद, अफजाल हक, पप्पू पटेल ,राजेन्द्र मौर्य, अनिल, विनीत पटेल, शांति नाथ पटेल ,रजत पटेल, रिषभ पटेल, शिवानी पटेल, शिफाली पटेल पत्रकार सुशील केसरवानी राजू सक्सेना सुबोध केसरवानी राकेश केसरवानी गणेश साहू विष्णु सोनी अजीत कुशवाहा विजय कुमार धर्मेंद्र सोनकर संतलाल मौर्या राजकुमार समीर अहमद पत्रकार सहित इलाके के तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पूर्व में बसपा का गढ़ मौजूदा में बीजेपी के गढ़ में क्या सेंध लगा पाएंगे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**बाबूसिंह कुशवाहा ने कहा कि सिराथू से राजेश कुशवाहा होंगे जनअधिकार पार्टी के प्रत्यासी**



जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीण

**अझुवा कौशाम्बी।** पूरा जिला कौशाम्बी एक समय बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता था 2012 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रहे केशव प्रसाद मौर्य ने बसपा के तिलिस्म को तोड़कर पहली बार सिराथू से विधायक बने थे तब से सिराथू विधानसभा सहित पूरा कौशाम्बी भी भाजपा मय हो गया किंतु इस 2022 के चुनाव में क्या जनअधिकार पार्टी का उम्मीदवार भाजपा के जीत में रोड़ा बन सकता है हालांकि चुनाव में अभी काफी वक्त है लेकिन आज जनअधिकार पार्टी की पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सम्मेलन में उमडा जनसैलाब ने सभी पार्टियों को सोचने पर जरूर मजबूर कर दिया है वहीं नाम न छापने की शर्त पर सम्मेलन में मौजूद रहे क्षेत्रीय लोगों जो अचानक कौशाम्बी पहुंचे उपमुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि सब ठीक है लेकिन इनका मिलन सार स्वभाव और सभी मौर्य समाज के नेताओं पर भारी पड़ रहा है इस बार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को चुना जाना चाहिए खैर जो भी हो अभी तो चुनाव में काफी समय है ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि किसके सिर में ताज सजेगा।

# विकास के बड़े बड़े दावे कर रही सरकार पर कहीं दिख नहीं रहा है : बाबू सिंह कुशवाहा

**अनिल मौर्य ने आज थामा जन अधिकार पार्टी का दामन**



बाबू सिंह कुशवाहा का स्वागत करते पार्टी नेता

**मनौरी कौशाम्बी।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा अपने तमाम गाड़ियों के काफिले के साथ अनिल मौर्य के पूरामुफ्ती स्थित निवास पहुँचे जहाँ बाबू सिंह कुशवाहा का अनिल मौर्या ने अपने तमाम साथियो के साथ जोरदार स्वागत और सम्मान किया बाबू सिंह कुशवाहा और अनिल मौर्या की घंटो मीटिंग के बाद अनिल मौर्या ने अपने तमाम साथियो के साथ जन अधिकार पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ,सम्मान समारोह में मुख्यरूप से राजेश कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, राम सजीवन कुशवाहा, अखिलेश मौर्या, वीरेंद्र कुमार केशरवानी, राजेश कुमार केशरवानी, दीपू केशरवानी, राकेश कुमार गुप्ता, काली चरण प्रधान, चंद्रदेव वर्मा, अनूप केशरवानी, रमेश कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, राकेश मौर्या, राम बाबू साहू, बबलू पटेल ,राजू शाक्य, अरविंद चौधरी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री की जयन्ती कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किया श्रद्धासुमन**



चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण मे ध्वजारोहण किया गया तथा कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आयोजित समारोह में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर के जीवन आदर्शों एवं दर्शन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। महात्मा गांधी ने जितनी बाते कही हें, उसे अपने जीवन मे भी उतारा है। गांधी ने सत्य एवं अहिसा का अनुपालन किया। उन्होने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी अनुकरणीय है। लाल बहादुर शास्त्री के सादगी भरे जीवन से सीख मिलती है कि हम सब चाहे जिस मुकाम पर पहुंच जायें, हमे जमीन से जुड़ा रहना चाहिए। उन्होने कहा कि हम सब लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शीघ्रता से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें, यही इन महापुरूषों की सच्ची श्रद्धान्जलि होगी। उन्हांने कहा कि हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करना चाहिए गोष्ठी के सम्बोधित कर एडीएम जयचन्द पाण्डेय, एसडीएम ज्योति मौर्या एवं हयातुल्ला चतुर्वेदी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्रीके आदर्शो एवं जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## विकास भवन में जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन में गांधी और शास्त्री की जयंती पर अधिकारियों कर्मचारियों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस मौके पर अधिकारियों कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया है और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर शशिकांत त्रिपाठी सीडीओ विजय कुमार डीडीओ जनरर्दन सिंह पीडी वी पी पाठक सीवीओ बलिराम वर्मा डीसी एनआरएलएम विजय श्रीवास्तव डीसी मनरेगा व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सत्संग व रक्तदान शिविर का आयोजन

**कौशाम्बी।** संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा संत रामपाल जी महाराज का सत्संग एवं रक्तदान शिविर का आयोजन बीपी पब्लिक स्कूल धाता रोड मंझनपुर में गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को किया गया जिसमें 20 अनुयायियों ने रक्तदान किया। सत्संग में भारी संख्या में संत रामपाल जी महाराज के अनुयाई उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10:00 बजे हुई और शाम को 4:00 बजे तक कार्यक्रम चलता रहा जिसमें संत रामपाल के महाराज के शिष्यों द्वारा ज्ञात हुआ कि संत रामपाल जी महाराज का उद्देश्य नशा मुक्त समाज दहेज मुक्त समाज भ्रष्टाचार मुक्त समाज और सत्य शास्त्र अनुकूल भक्ति देकर समाज में सुख और शांति स्थापित करना है। इस कार्यक्रम का आयोजन करने में मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट के जिला समन्वयक अमृत लाल दास व सुभाष दास रमाकांत दास ललित दास विजय बहादुर दास राम कुमार दास हीरालाल दास लालजी दास आदि उपस्थित रहे।

# उल्लास के साथ कांग्रेसियों ने मनाई बापू और शास्त्री की जयंती

**यूथ कांग्रेस ने निकाला मार्च तो एनएसयूआई ने अयोजित की विचार गोष्ठी**



मार्च निकालते कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कांग्रेस के जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में धूमधाम के साथ उनकी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की ओर से ₹बापू की हत्या और नाथूराम गोडसे₹ नमक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जबकि युवा कांग्रेस की ओर से रघुपति राघव राजा राम की धुन के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी और प्रदेश सचिव शशांक शर्मा रहे। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कहा कि देश के आजादी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपनी अभूतपूर्व भूमिका निभाई, उन्होंने अहिंसा के सिद्धांत को नए से स्थापित कर उसे प्रतिपादित करने का काम किया। इस मौके पर बोलते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व प्रभारी शशांक शर्मा ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री किसानों और सैनिकों को सम्मान दिलाने का काम किया है। कार्यक्रम के पूर्व एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद के द्वारा ओर से ₹बापू की हत्या और नाथूराम गोडसे₹ नमक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में बोलते हुए पार्टी नेता वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी ने अहिंसा विरोधी गोडसे विचारधारा की निंदा करते हुए कहा कि यह विचारधारा देश की अहिंसा की विचारधारा को तोड़ने का काम कर रहे। हिंसा आधारित सत्ता ने कभी भी आम लोगों को उनका अधिकार नहीं दिया जाता है। कार्यक्रम के अंत में तिरंगा यात्रा निकालकर रघुपति राघव राजा राम की धुन के साथ युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर शुक्ला की अगुवाई में निकाला गया और आम लोगों तक गांधीजी की अहिंसा की विचारधारा को अपनाने की अपील की गई।

## सपा कार्यालय में मनाई गई गांधी शास्त्री जयंती

**भरवारी कौशांबी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मंझनपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया है इस मौके पर पार्टी नेताओं ने गांधी और शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया है इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गांधी और शास्त्री ने जिस सपने को संजोया था उसे पूरा करना होगा और उनके पदचिन्हों पर चल कर ही उनके सपने को पूरा किया जा सकता है गांधी और शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पूर्व प्रदेश सचिव महबूब आलम सज्जू कैलाश चंद केसरवानी पूर्व चेयरमैन दयाशंकर यादव संतोष केसरवानी अनवार अहमद भानु यादव वेदपाल चंद्रजीत यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती पर चलाया सफाई अभियान

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत कार्यालय में दो अक्टूबर को गांधी जयन्ती के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने ध्वजा रोहण किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किया तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगो को जागरूक किया एवं जिला पंचायत परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया गया है इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार सोनकर, सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल, मंझनपुर विधायक लाल बहादुर, भाजायुमो मण्डल अध्यक्ष मंझनपुर ज्ञानचन्द्र गुप्ता, कल्लू पण्डा, सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।


## मेहता कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई गांधी एवं शास्त्री जयंती



जयंती मानते मेहता कालेज के प्रधानाचार्य

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम में गाँधी जी एवं शास्त्री जी की 2 अक्टूबर को जयंती के अवसर पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस मौके पर उनके चित्र पर प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया प्रधानाचार्य ने कहा कि गाँधी जी के आत्मबल,आत्मसयंम एवं जीवन दर्शन तथा शास्त्री जी की ईमानदारी ,देश भक्ति सादगी एवं कुशल नेतृत्व और युवा पीढ़ी को अनंत काल प्रेरणा देती रहेगी। गांधी शास्त्री जयंती के अवसर पर भवंस मेहता विद्याश्रम के प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने स्वच्छता अभियान पर भी प्रकाश डाला।विद्याश्रम के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से गाँधी जी एवं शास्त्री जी के पथ पर चलने का आग्रह किया गांधी और शास्त्री जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर सभी शिक्षको ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया है और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया है गांधी शास्त्री जयंती के अवसर पर तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

## एमजीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में मनाई गई गांधी एव शास्त्री जयंती



जयंती मानते कॉलेज के शिक्षक

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज, एन डी कॉन्वेंट गर्ल्स/ बॉयज इंटर कॉलेज एवं रिद्धि सिद्धि कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई है इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनके त्याग और बलिदान को याद किया। संस्थान के चेयरमैन विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहां कि गांधीजी प्यार और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे उन्होंने समाज को अहिंसा का रास्ता दिखलाया वही लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा देकर के सीमाओं पर मुस्तैदी से तैनात जवान और अन्न उत्पादन करने वाले किसान दोनों की जय कार की और उनके हौसलों की उड़ान दी। केपीएस संस्थान की प्रिंसिपल सीमा पवार ने गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके त्याग और समर्पण के बारे में उपस्थित जनसमूह को को जानकारी दिया वही एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मयंक कुमार मिश्रा ने गांधी जी के अमृत वचन अहिंसा परमो धर्मः अर्थात अहिंसा ही परम धर्म है पर विशेष चर्चा पर चर्चा किया और गांधीजी की जीवनी पर प्रकाश डाला और लाल बहादुर शास्त्री जी के अदम्य साहस, उनकी राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला।।। इस अवसर पर केपीएस भीटी प्रिंसिपल आरके सिंह ,आर पी चतुवेर्दी अकान्त गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# विकास में बाधक फैला रहे हैं झूठी अफवाह : संजय विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**समाजवादी पार्टी के इशारे पर पूर्व प्रधान हरि मोहन की अफवाह का आम जनता कर रही विरोध**

**ग्राम पंचायत को नगर पालिका से बाहर करने के लिए हाई कोर्ट में दाखिल की थी रिट याचिका नही मिली सफलता**



**कौशांबी।** सिराथू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमन्धा भटपुरवा में कागज पर लिखकर दीवाल में चिपका दिया गया था कि इस गांव में जनप्रतिनिधियों के आने पर रोक लगाई जाती है इस मामले के सुर्खियों में आने के बाद जब हकीकत जानने का प्रयास किया गया तो ग्राम पंचायत चमन्धा के पूर्व ग्राम प्रधान हरिमोहन और उनके बेटों ने प्रधानी छिन जाने से बौखलाहट में इस बात की अफवाह फैलाई है और गांव में दीवाल में कागज में लिख कर चिपका दिया कि जनप्रतिनिधियों के गांव आने पर रोक लगाई जाती है पूर्व ग्राम प्रधान हरिमोहन और उनके बेटों के इस कारनामे का ग्रामीणों ने डटकर विरोध किया है नगर पालिका परिषद भरवारी का गठन होने के बाद ग्राम पंचायत चमन्धा को नगर पालिका भरवारी में शामिल कर दिया गया था जिस पर तत्कालीन ग्राम प्रधान हरिमोहन ने अन्य प्रधानों से सांठगांठ कर चमन्धा सहित अन्य ग्राम पंचायत को नगर पालिका भरवारी से बाहर करने के लिए हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी लेकिन उच्च न्यायालय में सुनवाई के बाद पूर्व प्रधान की रिट याचिका पर सुनवाई नहीं की अपने मंसूबे पर असफल होने से बौखलाहट में उन्होंने जनप्रतिनिधियों का विरोध करने का नाटक शुरू कर दिया है। सिराथू विधानसभा के चमन्धा ग्राम पंचायत में पूर्व प्रधान लगातार विकास कार्यो का विरोध कर रहे थे मामला सुर्खियों में आने के बाद चायल विधानसभा के विधायक संजय गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि मेरे निवास क्षेत्र भरवारी के पड़ोसी गांव होने के नाते वहां के ग्रामीण मुझे बराबर बुलाते रहते हैं और मैं ग्रामीणों के बुलाने पर चमन्धा भटपुरवा ग्राम पंचायत बराबर जाता हूं चायल विधानसभा के विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि बीते दिनों भी चमन्धा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने उन्हें बुलाया था और डेढ़ सौ कार्यकताओं के साथ चमन्धा भटपुरवा सहित तमाम ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया है गांव में जनप्रतिनिधियों का कोई विरोध नहीं है और जनता जनप्रतिनिधियों के साथ है उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के गांव भ्रमण पर कोई विरोध जनता द्वारा नहीं हुआ है और सपा के एक व्यक्ति विशेष द्वारा यह विरोध की अफवाह फैलाना महज समाजवादी पार्टी के इशारे पर यह साजिश है उन्होंने कहा कि मैंने चमन्धा ग्राम पंचायत में विकास के लिए नगर पालिका भरवारी के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित कर वहां बराबर विकास करवाता हूं चमन्धा ग्राम पंचायत में नगर पालिका द्वारा बराबर विकास कार्य कराए जा रहे हैं और गांव की जनता विकास कार्यों से पूर्ण संतुष्ट है उन्होंने कहा कि मैं सिराथू विधानसभा से विधायक नहीं हूं मुझे सिराथू विधानसभा में किसी प्रकार की घोषणा करने का अधिकार नहीं है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के इशारे पर पूर्व प्रधान हरि मोहन ने इस तरह की अफवाह फैलाई है जिसका आम जनमानस विरोध कर रही है।

## सम्पादकीय

# कोई लापरवाही नहीं

दुनिया के कई देशों में जब इस चुनौती को करीब करीब समाप्त मान लिया गया, तब इसका पहले से भी ज्यादा गंभीर रूप सामने आ गया। अपने देश में भी जब कोरोना से सफलतापूर्वक निपटने की घोषणाएं होने लगीं, उसके लिए बधाइयां दी जाने लगीं, तब इसकी दूसरी लहर आई, जिसने पहली लहर के कहर को पीछे छोड़ दिया। केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को दी गई यह सूचना राहत देने वाली है कि देश में 18 साल से ऊपर की कुल आबादी का 69 फीसदी हिस्सा टीके का कम से कम एक डोज ले चुका है। एक चौथाई यानी 25 फीसदी आबादी को टीके के दोनों डोज लग चुके हैं। तय किए गए लक्ष्य के हिसाब से भले ही कम हो, लेकिन जिन सीमाओं और मजबूरियों के बीच टीकाकरण अभियान चलाना पड़ा है उन्हें देखते हुए यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं कही जाएगी। देश में अब तक 88.9 करोड़ शॉट लगाए जा चुके हैं। प्रति सौ व्यक्तियों पर 63 शॉट का यह अनुपात 79.4 शॉट के वैश्विक औसत के लिहाज से बुरा नहीं है। इस बीच कोरोना संक्रमण के मोर्चे पर भी देश में हालात संतोषजनक दिख रहे हैं। सितंबर में पूरे महीने कोरोना से हुई मौत का प्रतिशत एक से कम (0.97 फीसदी) रहा। इस साल अप्रैल के बाद से यह पहला मौका है जब सीएफआर (मौत दर) इतनी कम पाई गई हो। पिछले हफ्ते कोरोना संक्रमण के कुल मामलों का 59.66 फीसदी केवल केरल में रेकॉर्ड किए गए हैं। यानी बाकी पूरे देश में हालात काफी हद तक काबू में हैं। निश्चित रूप से ये सारे तथ्य उत्साह बढ़ाने वाले हैं। लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि यह वायरस न केवल रूप बदलने बल्कि जाते-जाते भी पलटकर हमला करने की अपनी क्षमता दिखा चुका है।

दुनिया के कई देशों में जब इस चुनौती को करीब करीब समाप्त मान लिया गया, तब इसका पहले से भी ज्यादा गंभीर रूप सामने आ गया। अपने देश में भी जब कोरोना से सफलतापूर्वक निपटने की घोषणाएं होने लगीं, उसके लिए बधाइयां दी जाने लगीं, तब इसकी दूसरी लहर आई, जिसने पहली लहर के कहर को पीछे छोड़ दिया। इसलिए ठीक ही सरकार ने टीकाकरण मुहिम की उपलब्धियां दर्शाते हुए भी लोगों को आगाह किया है कि किसी भी सूरत में सावधानियां बरतना कम न करें। अभी त्योहारों का सीजन आने वाला है। सामूहिकता इन त्योहारों की खास विशेषता होती है। बाजारों में जाकर खरीदारी करना भी इन त्योहारों का अनिवार्य माना जाने वाला हिस्सा होता है। लेकिन यह भी साफ है कि सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ संक्रमण फैलाने का सबसे बड़ा जरिया होती है। चुनाव रैलियों का रेला और कुंभ में जुटी भीड़ दूसरी लहर के लिए खास तौर पर जिम्मेदार माने जाते हैं। ऐसे में खास ध्यान रखने की जरूरत है कि इस बार वायरस को हमारी लापरवाहियों की ढाल न मिले। दुर्गापूजा से लेकर छठ तक तमाम त्योहारों में भीड़भाड़ से बचने को लेकर गाइडलाइन सरकार ने जारी कर दी है। मगर उस पर पालन हम सबको ही सुनिश्चित करना होगा। आखिर इसका नफा-नुकसान भी प्राथमिक तौर पर हमारे ही हिस्से में आना है।

# असल या नकल, मामला जरा पेचीदा है

**दुष्यंत**

इन दिनों एक मशहूर फिल्म गीतकार की कविताओं की किताब में विदेशी कवि की पंक्तियों से समानता जेरेबहस है। बहस में तड़का वर्तमान राजनीतिक पक्षधरता ने लगाया है। इस पक्षधरता ने दोनों पक्षों यानी हमलों और सुरक्षात्मक हथियारों को धार देने का काम किया है। मुझे यकीन है कि अगर राजनीतिक रंग नहीं होता तो सोशल मीडिया और साहित्यकि गलियारों में इस पर इतनी बात न हो रही होती। दोनों कवियों की पंक्तियों का वह साम्य प्रेरणा, संयोग या चूक का परिणाम हो सकता है। यह भी संभव है कि जैसा हर कवि के साथ होता है कि दूसरी भाषा की पसंदीदा कविता का अव्यावसायिक अनुवाद वे खुद के लिए करके अपनी डायरी में रख लेते हैं, क्योंकि भाषा और शब्द खुद के ही होते हैं तो अगर किसी जल्दबाजी में मूल कवि का नाम अनुवाद के साथ डायरी में दर्ज नहीं हो पाया तो कवि उसे अपनी रचना मान बैठता है, यह भी कवियोचित मानवीय भूल है। मैंने एक बार बशीर बद्र के खूबसूरत खयाल का नए शब्दों में बयान गफलत में कर दिया और सोशल मीडिया पर शेयर भी कर दिया। जब कुछ बहुत प्रिय मित्रों ने ही लगभग दुश्मन भाव में ट्रोल किया तो गलती का अहसास हुआ। खयाल बेशक हूबहू था। इस बात से इनकार भी नहीं कर सकता कि बशीर साहब को पढ़ता रहा हूं, प्रभावित भी रहा हूं, तुरंत माफी मांगकर पंक्तियों को विदड्रॉ किया। खयाल जेहन में अटक गया था, महीनों बाद इस तरह कागज पर निकला कि उसे अपना ही मान बैठा था।समकालीन हिंदी सिनेमा में पहली कतार के गीतकार इरशाद कामिल ने जब 'लव आजकल' के लिए 'अज्ज दिन चढ़्या तेरे रंग वरगा' को मुखड़ा बनाया, तो पंजाबी के मशहूर कवि शिव कुमार बटालवी को शुक्राना तो दिया ही, उनके वारिसों से इजाजत भी ली। वरुण ग्रोवर ने भी यह किया था, जब 'मसान' के लिए दुष्यंत कुमार के शेर 'तू किसी रेल सी गुजरती है' को मुखड़ा बनाया यानी इजाजत ली और शुक्राना दिया। यह लिहाज और आदर था। मेरी जानकारी में यह भी है कि नीलेश मिसरा ने एक नामवर पाकिस्तानी शायर ( शायद फैज साहब) की पंक्ति को मुखड़ा बनाने के लिए शायर के परिजनों से लिखित इजाजत अर्जित की। हालांकि मेरी जानकारी में यह नहीं है कि फिर वह गीत बनकर बाहर आया या नहीं। तो मैं विनम्र निवेदन करना चाहूंगा कि इंडस्ट्री के गीतकारों पर सामान्यीकृत करके इस विषय में आरोप लगाने से बचना चाहिए।

यहां कहना लाजमी लगता है कि यह भी एक तकनीकी मसला है कि शुक्राने क्रेडिट्स में शामिल नहीं हो पाते, रेडियो पर बजते गानों के क्रेडिट्स में नहीं बोले जाते और गूगल- इंटरनेट-यूट्यूब आदि पर क्रेडिट ही शेष रहते हैं, तो लोक स्मृति में स्थायी जगह बना लेते हैं। साहित्य क्योंकि सीमित प्रसार वाला कला माध्यम है, इसलिए मूल कृतिकार अनचाहे पीछे छूट जाता है, जिसकी कल्पना भी उपयोग करने वाले गीतकार ने नहीं की होती। फिर उसी शुक्रानेशुदा कामों के लिए गीतकारों पर चोरी के इल्जाम आ जाते हैं।कविता लिखना यूं कोयले की खदान में काम करना है। उसमें कभी-कभी ही हीरे हाथ लगते हैं। कौन-सा बिंब, खयाल सर्वथा मौलिक होगा कहना असंभव है। चांद में प्रेमिका का चेहरा, उसी चांद में भूखे के रोटी देख लेने पर कितने ही शेर, कविताएं होंगीं। मुझे नहीं मालूम किसने सबसे पहले इस खयाल को कागज पर उतारा या छंद बनाया होगा। यह भी नहीं पता कि किस भाषा में सबसे पहले ऐसा लिखा गया होगा। तो मौलिकता के सवाल के साथ आपके हाथ तो काले होंगे। अच्छा कवि किसी खयाल से प्रेरित होकर, चुराकर फिर से बड़ी कविता खड़ी कर देता है और औसत कवि मूल कवि को शर्मसार कर सकता है।निजी उदाहरण देने की जरूरत लग रही है, 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' फेम संगीतकार सन्हा खानवलकर के साथ मेरा गीतकार के रूप में डेब्यू हो चुका था। यह एमटीवी के शो के लिए था। फिर एक दिन स्नेहा का फोन आया कि राजस्थान के लोकगीत का मुखड़ा लेकर आगे गीत बनाना है। मुखड़ा सुनाया। मैंने कहा कि यह लोकगीत नहीं है और इसके गीतकार दुनिया में हैं। अगर वह ना लिखें और इजाजत दें तो मैं जरूर लिखूंगा। गीतकार का नंबर सन्हा को दे दिया, यानी मैंने हाथ में आया काम छोड़ दिया और दूसरे की तश्तरी में परोस दिया। प्रफेशनली यह अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारना था। वह गीत था, 'अंजन की सीटी में म्हारो मन डोलै'। सोनम कपूर स्टारर फिल्म खूबसूरत में रूप बदलकर शामिल हुआ- 'अंजन की सीटी में म्हारो बम डोलैष्ठ'। मूल और रीक्रिएटेड दोनों के गीतकार हैं- इकराम राजस्थानी। और कमाल बात यह जोड़ने लायक है कि कोई तीस बरस पहले हिंदी सिनेमा के बड़े गीतकार इस मूल गीत का मुखड़ा उठाकर फिल्मी गीत बना चुके थे। संभव है कि उन्हें यह बताया गया हो कि लोकगीत है, तब गूगल- यूट्यूब भी नहीं होते थे कि एक क्लिक से पुष्टि या खंडन हो सके।

बात छिड़ी है तो लीजेंड शायर फैज अहमद फैज की एक नज्म है, उस अकेली नज्म से प्रेरित होकर कम से कम पांच-छह गीत हिंदी सिनेमा के गीतकारों ने रचे हैं। उनमें से एक मशहूर गीत है- 'तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रक्खा क्या है'। हमारे नॉट आउट बल्लेबाज गीतकार गुलजार साहब कहते ही हैं कि वह गालिब की पेंशन ले रहे हैं। उनके कितने ही गीतों की प्रेरणा गालिब सहित कई बड़े कवि रहे हैं। उन्होंने उन प्रेरणाओं को अपनी विलक्षण रचनात्मकता के रंग से जनमानस के कानों तक कमाल के गीत पहुंचाए हैं कि साहितयिक दुनिया के लोग भी उनसे इस बात के लिए प्यार करते हैं। पर इस हालिया बहस के मध्य सुखद है कि हिंदी सिनेमा के किसी गीतकार की कविता और कविताई इतनी चर्चा में है, चर्चा अच्छी-बुरी जैसी भी है। हिंदी साहित्य की तथाकथित मुख्यधारा छंद परंपरा को ही बाहर कर चुकी है, मंचीय कविता से इतर हिंदी सिनेमा की गीति परंपरा का छंद किसी रूप में चर्चा में आया है तो बात दूर तलक जाएगी ही। मेरी हायपोथिसिस है कि दो कवियों की कविताओं के शब्दों में साम्य की यह गर्मागर्म बहस कई आयाम लेगी, उनमें से कुछ हिंदी सिनेमाई गीतों और हिंदी साहित्य के लिए बेहद सुखद और सार्थक होंगे।

# विपक्षी एकता कहीं ख्याली पुलाव तो नहीं

**नरेंद्र नाथ**

पिछले कुछ महीनों से 2024 आम चुनावों में बीजेपी से मुकाबले के लिए विपक्षी दलों की एकता की कोशिश चल रही थी। इसके लिए एक के बाद एक कई मीटिंग भी हुईं। ऐसा संदेश गया कि विपक्षी दल पिछली गलतियों से सीख लेते हुए इस बार एक मंच पर आएंगे और आपसी मतभेद दूर करेंगे। लेकिन अभी विपक्षी एकता कोई आकार लेती कि पिछली बार की तरह ही फिर यह पटरी से उतरती दिखने लगी। हालांकि इस बार इसके पीछे कारण थोड़े अलग हैं। अभी तक विपक्षी एकता में नेतृत्व को लेकर सबसे अधिक विवाद होता था। लेकिन इस बार विपक्षी दलों की आपस में ही सेंधमारी होने लगी। जिस तरह समान विचारधारा वाले विपक्षी दल दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने लगे हैं, उससे विपक्षी एकता की कोशिश फिलहाल विपक्ष बनाम विपक्ष की सियासी जंग में बदल गई है। टीएमसी कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में कर रही है। कांग्रेस लेफ्ट नेताओं को शामिल कर रही है। आपस में पाले बदलने का ट्रेंड अभी रुकता भी नहीं दिख रहा है। इससे दलों के बीच कटुता भी सामने आई है। जहां महज कुछ दिनों पहले विपक्षी एकता के लंबे-चौड़े दावे हो रहे थे, अब बयानों में तल्खी है। अब तो सवाल यह पूछा जा रहा है कि विपक्ष बनाम विपक्ष की जंग कहां तक जाएगी

एकता की बातों के बीच ऐसी नौबत क्यों आई क्षेत्रीय दल विपक्षी एकता में जारी इस जंग के लिए कांग्रेस को ही जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका मानना है कि पिछले कुछ सालों से कांग्रेस के गिरते ग्राफ से हालात बदल गए हैं, जिसे कांग्रेस समझ नहीं पा रही है। क्षेत्रीय दल कांग्रेस की निष्क्रियता को जिम्मेदार ठहराते हैं। उनका मानना है कि कई राज्यों में कांग्रेस बीजेपी को टक्कर नहीं दे रही है, ऐसे में विपक्ष का स्पेस किसी न किसी को तो लेना ही होगा। पूर्वोत्तर भारत के एक क्षेत्रीय दल के सीनियर नेता ने एनबीटी को बताया कि दो सालों में अब तक पार्टी एक पूर्णकालिक अध्यक्ष ही नहीं चुन पाई है। उन्होंने कहा कि आपसी गुटबाजी अलग बात है, पार्टी धरातल पर गंभीर नहीं दिखती है। नेताओं ने कहा कि बाहर ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के अंदर भी इस बात को लेकर बेचैनी है। ऐसे में अब क्षेत्रीय दलों का मानना है कि 2021 में कांग्रेस की स्थिति 2004 वाली नहीं रही और विपक्ष की ताकत का नए सिरे से गठन होना चाहिए, उन्हें स्पेस मिलना चाहिए। वहीं आम आदमी पार्टी, टीएमसी जैसे दलों को यह भी लगने लगा है कि यही मौका है जब वे अपनी पार्टी का विस्तार कर सकते हैं।

उधर कांग्रेस को लगता है कि क्षेत्रीय दल अति महत्वाकांक्षा का शिकार हो रहे हैं, और वे जो कर रहे हैं उससे आखिरकार बीजेपी को ही फायदा होगा। कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि विपक्षी एकता का मतलब यह नहीं है कि वे अपनी जमीन बाकी दलों को दे दें। लेकिन कांग्रेस भी इस खेल में शामिल है। लेफ्ट नेता कन्हैया को तब दल में शामिल किया गया, जब सीपीआई नेता डी. राजा पार्टी से यह फैसला नहीं लेने का आग्रह कर रहे थे। वहीं कन्हैया के शामिल होने से न सिर्फ लेफ्ट दलों से, बल्कि बिहार में आरजेडी से भी कांग्रेस के रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार पप्पू यादव को भी कांग्रेस शामिल कर सकती है, जिनका आरजेडी से विरोध है। उसी तरह टीएमसी ने गोवा, त्रिपुरा, असम और मेघालय में कांग्रेस के कुछ सीनियर नेताओं को अपने पाले में किया, तो अभी कई नेताओं के उनके संपर्क में रहने की भी बात कही जा रही है। इन राज्यों में टीएमसी भी चुनाव में उतरेगी। आम आदमी पार्टी दिल्ली के अलावा उत्तराखंड, पंजाब, गुजरात सभी जगह कांग्रेस का स्पेस ले रही है। अभी जो संकेत मिल रहे हैं उनके हिसाब से अगले कुछ दिनों में तनातनी और भी बढ़ सकती है। इसका असर विपक्षी दलों की एकता पर पड़ सकता है।

तो क्या विपक्षी एकता की कोशिश अब पूरी तरह से बेपटरी हो जाएगी नेताओं का मानना है कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगा। विपक्षी दलों के नेताओं के अनुसार अभी इस मसले पर तनातनी जरूर दिख सकती है, लेकिन इसका असर विपक्षी एकता पर नहीं दिखेगा। उन्होंने कहा कि हर पार्टी अपने संगठन को मजबूत करना चाहती है, उसका विस्तार करना चाहती है। इसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन 2024 में बीजेपी के सामने इनके लिए एक होने का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह सबकी मजबूरी होगी। ऐसे में वे कुछ महीनों तक खुद को विस्तार देकर एक बार फिर विपक्षी एकता की कोशिश में लग सकते हैं। वहीं अगले साल फरवरी-मार्च में पांच राज्यों के चुनाव परिणाम भी कोई न कोई दिशा तो लेंगे ही। जाहिर है कि वे मौजूदा तनातनी के बाद भी विपक्षी एकता की कोशिश को खारिज नहीं करते हैं।

वे यह भी समझते हैं कि क्षेत्रीय दल कितने भी एकजुट हो जाएं, अगर कांग्रेस ने अपनी स्थिति नहीं सुधारी तो इस लड़ाई का कोई मतलब नहीं। इसके पीछे तर्क यह है कि 2019 आम चुनाव में लगभग 225 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस-बीजेपी का सीधा मुकाबला हुआ, जिनमें 200 से अधिक सीटें बीजेपी ने जीतीं। ऐसी परिस्थिति बनी रही तो उनके एक होने का भी अधिक लाभ नहीं होगा और वे बीजेपी को नहीं रोक सकते हैं। ऐसे में उनका फोकस गढ़ बचाने पर ही अधिक रह सकता है और उनके विस्तार प्लान को ब्रेक लग सकता है। वहीं कांग्रेस को भी अहसास है कि उसकी ताकत इतनी नहीं है कि बीजेपी से मुकाबला कर सके। गठबंधन उसके लिए मजबूरी है। जाहिर है, आने वाले समय में विपक्षी एकता की रेल तो हमेशा की तरह चलती रहेगी, लेकिन फिलहाल यह बेपटरी जरूर होती दिख रही है।

# सबसे लंबे वक्त तक सत्ता में बने रहने का रेकॉर्ड तोड़ सकती हैं मर्केल, जानें विरोधी भी क्यों हैं उनके फैन

**चंद्रभूषण**

जर्मनी में आम चुनाव के बाद नई सरकार बनाने के लिए पार्टियों के बीच गठबंधन वार्ता जारी है, लेकिन राजनीति में कम दिलचस्पी रखने वाले आम लोगों के बीच यह सवाल मंडरा रहा है कि चांसलर एंजेला मर्केल पिछली सदी में अपनी ही पार्टी के हेल्मुट कोह्ल द्वारा बनाया गया अधिकतम शासन का रेकॉर्ड तोड़ पाएंगी या नहीं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और हाल में खत्म हुए चुनाव में हिस्सा न लेने की घोषणा वे काफी पहले कर चुकी थीं, लेकिन जर्मन संविधान के मुताबिक जब तक नई सरकार शपथ लेने की स्थिति में नहीं आ जाती, तब तक वह किसी नई नीति की घोषणा भले न कर पाएं, लेकिन चांसलर बनी रहेंगी। हेल्मुट कोह्ल का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए उन्हें 17 दिसंबर तक सत्ता में रहना होगा और काफी संभावना है कि नई सरकार बनने में अभी ढाई महीना तो लगेगा ही। जर्मनी में सरकारें आराम से बनती हैं। मर्केल की ही पिछली सरकार चुनाव के तकरीबन पांच महीने बाद बन पाई थी। प्रचार के दौरान जिसके खिलाफ सारी ले-दे कर लेने के बाद आपने चुनाव जीता है, उसी से मिलकर सरकार बनाने को वहां बिल्कुल खराब नहीं माना जाता। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की, यानी नाजी दौर गुजर जाने के बाद की जर्मन राजनीति में दो ही ध्रुव रहे हैं- क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी)। दोनों दल हर चुनाव में एक-दूसरे की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। लेकिन मर्केल की पिछली सरकार इन्हीं दोनों पार्टियों के गठबंधन ने बनाई थी। आप चुनाव जीतिए और अपने नतीजे और घोषणापत्र लेकर सभी दावेदारों के साथ बैठिए। जहां भी स्थिर सरकार बन सके और जनता से किए हुए आपके वादे पूरे हो सके, वहां जाइए।पिछली बार छोटी पार्टियों की सौदेबाजी ज्यादा सख्त थी। उनसे बात नहीं बनी तो सीडीयू को एसडीपी से हाथ मिलाना पड़ा। इस बार ऐसी संभावना नहीं के बराबर है तो इसका कारण यह है कि एंजेला मर्केल सीन में नहीं हैं। पिछली बार एसडीपी उनकी छत्रछाया में चलने को तैयार हो गई, इस बार किसी हाल में क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स के साथ जाने को नहीं राजी होगी। कहा जा रहा है कि इस बार ट्रैफिक सिगन्ल गठबंधन सरकार बनाएगा। ट्रैफिक सिगन्ल यानी सोशल डेमोक्रेट्स का लाल, ग्रीन पार्टी का हरा और लिबरल डेमोक्रेट्स (एफडीपी) का पीला। उनकी सीटें- क्रमशः 206, 118 और 92 सरकार बनाने के लिए बिल्कुल दुरुस्त हैं। लेकिन जर्मनी में पार्टियां अपने घोषणापत्रों को लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर रहती हैं, लिहाजा तीन पार्टियों की सरकार का चलना वहां जंगल में तीन टांग वाले जानवर के जिंदा रह पाने जितना ही मुश्किल समझा जाता है। दूसरा चक्कर सत्तारूढ़ दल की दावेदारी का है। एंजेला मर्केल की पार्टी सीडीयू, जो एक क्षेत्रीय पार्टी सीएसयू के साथ लंबे समय से गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ती आ रही है, यह चुनाव जरूर हार गई है, लेकिन सोशल डेमोक्रेट्स से वह सिर्फ 10 सीट पीछे है। जाहिर है, ग्रीन पार्टी और एफडीपी से गठबंधन बनाकर नई सरकार बनाने का रास्ता जितना एसपीडी के लिए खुला हुआ है, उतना ही सीडीयू के लिए भी खुला हुआ है। ऐसे में सौदेबाजी का लंबे से लंबा खिंचना स्वाभाविक है। किसी को लग सकता है कि जर्मनी की यह परंपरा ठीक नहीं है, इससे अवसरवाद को बढ़ावा मिलता होगा और विचारधारा जैसी किसी चीज के लिए कोई गुंजाइश ही नहीं बचती होगी। लेकिन जर्मनों ने उग्र विचारधारा के बल पर सिर्फ 32 प्रतिशत वोट पाने वाले हिटलर को न सिर्फ लंबे समय तक राज करते बल्कि अपने देश को अतल खंदक में ले जाते देखा है। राजनीतिक शब्दों का अर्थ उनसे बेहतर कौन समझ सकता है!

# कन्हैया कुमार राहुल गांधी जी को रास आ गये

**शोभा भारद्वाज**

राजनीति का गिरता स्तर - जेएनयू में 9 फरवरी को अफजल गुरु और मकबूल भट्ट का महिमा मंडन कर उनकी फांसी की सजा को न्यायालय द्वारा की गयी हत्या कहा गया था। देश के विरोध में जम कर नारे लगे कितने अफजल मरोगे हर घर से अफजल निकलेगा ,पाकिस्तान जिन्दाबाद अंत में भारत के टुकड़े-टुकड़े करने, बर्बादी तक के नारे लगे हम लेके रहेंगे आजादी वहाँ छात्र संघ के अध्यक्ष कन्हैया मौजूद थे। जेएनयू में हर विषयों पर बहस के कार्यक्रम होते रहते हैं लेकिन अबकी बार बहस के बजाय नारे पहली बार आम जनता ने जाना जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय करदाताओं के धन से चलने वाले शिक्षण संस्थान में कुछ छात्रों का वर्ग क्या कर रहा था जबकि जेएनयू का विश्व में बहुत नाम है यहाँ शिक्षा ग्रहण करना सम्मान की बात है एनडीए के सैनिक अफसरों को भी यहाँ से डिग्री दी जाती है पूरे भारत से शिक्षा प्राप्त करने विद्यार्थी आते हैं कई बहुत गरीब घरों के हैं बहुत कम फ़ीस, सस्ता भोजन और आवास की वजह से पढ़ना आसान हो जाता है।

भारत में रहना भारत के विरुद्ध नारे लगाना इसका हर क्षेत्र में विरोध किया गया। विषय बदलने के लिए छात्र संघ के अध्यक्ष कन्हैया ने 11 फरवरी को फिर सभा का आयोजन किया उसमें ब्राह्मणवाद से आजादी, मनुवाद से आजादी के नारे बड़ी अदा से हाथ उठाकर लगवा कर भाषण द्वारा अपने आप को बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसका और कई लोगों का चेहरा जनता के सामने बेनकाब हो चुका था कन्हैया को देश द्रोह के अभियोग में गिरफ्तार किया गया था बाकी चार गायब हो गये जब कैम्पस में नजर आये उनको आत्म समर्पण करना पड़ा।यह भारत की अखंडता और सम्प्रभुता को चुनोती देने वाला कृत्य था। इसके साथ राजनीति शुरू हो गयी। हर राजनीतिक दल को छात्र चाहिए जिनके सहारे हंगामा कर चुनाव में उनका इस्तेमाल किया जा सके। कन्हैया को चेतावनी देते हुए केवल छह माह की अंतरिम जमानत दी गयी है लेकिन आरोपों की जांच चलती रहेगी। हाई कोर्ट की जस्टिस प्रतिभा रानी ने जमानत देते समय उन महापुरुषों को याद किया जिन्होंने अपने देश के लिए शहादत दी थी इसका उत्तर यहाँ के छात्रों वा शिक्षकों और संस्थान का कार्यभार सम्भालने वालों को देना पड़ेगा। हमारी सेना देश की सीमा की पहरेदारी करती है उन्हीं के दम पर हम सुरक्षित है। देश विरोधी नारे लगाने वाले उस ऊचाई पर घंटा भर भी नहीं रह सकते।

सैनिक खतरों से खेलते हैं सीमा पर ड्रग तस्करों और आतंकवादियों को कैसे रोकते हैं आये दिन पाकिस्तान की और से बरसाए गये गोलों की दहशत को झेलते जवान शहीद होता हैं उसका परिवार अपने आंसुओं को अंदर ही अंदर पीता हैं किसी का दुधमुहाँ बच्चा अपने पिता को मुखाग्नि देता देखा जा सकता है। यह नारे शहीदों के परिवारों के मनोबल को तोड़ने वाले है जिनके शहीद ताबूत में तिरंगे में लिपटे हुए पहुंचते हैं। जैसे ही छात्र संघ का अध्यक्ष पुलिस ने पकड़ा और अन्य की सूची पुलिस ने जारी की विरोधी दलों की राजनीति प्रारम्भ हो गयी कांग्रेस के बड़े नेता और उस समय के उपाध्यक्ष राहुल गाँधी इनके समर्थन में बैठे नजर आये दुःख हुआ कांग्रेस का गौरव पूर्ण इतिहास रहा है दो प्रधानमन्त्री आतंकवाद के शिकार हुए थे उन्हें भी यहाँ वोट बैंक नजर आया।नितीश कुमार ने भी कन्हैया लाल का बिहार का होने के नाते समर्थन किया।विरोधी दल एक स्वर से कन्हैया लाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे हैं हैरानी हुई राजनीति का स्तर किस हद तक गिर चुका है। 20 दिन की जेल में कन्हैया पूरा नेता बन कर निकला उसने कहा बदनाम होंगे क्या नाम न होगा नाम तो हुआ देश को पता चला जेएनयु में इस प्रकार के तत्व भी टैक्स पेयर के धन पर पल रहे हैं। कन्हैया ने बहुत जोशीला भाषण दिया उसके भाषण में उन लोगों की रिहाई के लिए संघर्ष करते रहने का आह्वान किया था जिन्होंने अफजल गुरु और मकबूल भट्ट की महिमा मंडन करने का आयोजन किया था।

,अभिव्यक्ति की आजादी - के नाम पर देश तोड़ने के नारे यहाँ तक जान की बाजी लगाने वाले सैनिको के लिए कुछ भी बोलो विश्व में देश की छवि खराब करो , कश्मीर पर प्रशन उठाना (क्या अमेरिका के किसी विश्वविद्यालय में लादेन के समर्थन में नारे लगे हैं ,9 /11 के हमलावरों का यशोगान किया गया है कन्हैया जब नेतागिरी का इम्तहान दे रहा था हर समाचार पत्र और चैनलों में चर्चा का विषय बना।राजनीतिक पार्टियों के लिए कन्हैया अच्छा वक्ता था उम्मीदवार भी बन सकता है वह चीख -चीख कर बड़ी - बड़ी बातें करेगा देश के प्रधान मंत्री मोदी जी की आलोचना करेगा।

देश में संविधान के शासन के स्थान पर किसी विचारधारा के शासन की बात कहेगा।राजनीति में या तो नेता बन कर जम जाएगा या कुछ समय तक जुगनू की तरह चमक कर गुमनामी के अँधेरे में खो जाएगा। शर्म आती है संसद प्रजातंत्र का मन्दिर माना जाता है यहाँ जनता के चुने प्रतिनिधि कानून बनाते हैं वहाँ संसद पर हमला करने वाले का महिमा मंडन करने वाले बैठने की इच्छा रखते हैं। बहस छिड़ी भारत में असहिष्णुता बढ़ रही है अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता नहीं है क्या इस प्रकार की अभिव्यक्ति कथित बुद्धिजीवियों को चाहिए जेल से छूटते ही कन्हैया अपने आप को ऐसे प्रोजेक्ट करने लगा जैसे स्वतन्त्रता सेनानी हो देश हित में जेल गया है।आजादी का नारा भी भारत के अंदर आजादी में बदल गया रातो रात कन्हैया चैनलों का चहेता बन गया उन्हें उसमें टीआरपी दिखने लगी जेल से छूटने के बाद पहला अवसर था जब किसी छात्र नेता का( जेएनयू कैम्पस ) में दिया लम्बा भाषण लाईव नेशनल टेलीविजनों पर प्रसारित कर पूरे देश में दिखाया गया उसकी प्रेस कांफ्रेंस दी गयी। उसका इंटरव्यू लेने की होड़ लग गयी 'बस यह नहीं कहा गया सबसे पहले हमने कन्हैया श्री का इंटरव्यू प्रसारित किया है। इसमें कोई शक नहीं कन्हैया को चढ़ाने में मीडिया का पूरा हाथ रहा है।

राजनीति, नेतागिरी की चाह और मीडिया के कैमरों का मोह इतना बढ़ गया वह सेना पर ही कमेंट करने लगा।भाषण में वह क्यों जेल भेजा गया उस पर कुछ नहीं कहा कन्हैया का हौसला इतना बढ़ गया रोज उसके स्टेटमेंट आने लगे श्रीमान कन्हैया ने महिला दिवस के अवसर पर सीमा और जम्मू कश्मीर की सुरक्षा में लगे सैनिकों, सीमाओं की रक्षा करने में शहादत देते सैनिकों पर टिप्पणी की तुम कितना कोशिश करो हम मानवाधिकार के वायलेशन पर बोलेंगे वह सेना का सम्मान करता है लेकिन कश्मीर में सुरक्षा बल द्वारा महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं यहाँ तक वह सुरक्षा बलों को रेपिस्ट बताने लगा। देश के रक्षकों पर आक्षेप लगाना क्या यह भी अभिव्क्ति की स्वतन्त्रता में आता है सस्ती लोकप्रियता कहाँ से कहाँ पहुंच गयी। हम जानते हैं हमारी सेना को कन्हैया जैसे नये छुट भैया नेता का सर्टिफिकेट नहीं चाहिए विश्व में हमारी सेनायें शांति सेना का काम करती है उनका सम्मान है सीपी आई ने कन्हैया को भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह के खिलाफ बेगूसराय लोकसभा से उतारा, लेकिन कन्हैया चुनाव हार गया । सियासी मंचों पर भी उनकी उपस्थिति कम ही दिखाई देने लगी । अपने भाषणों की वजह से सुखियों में रहने वाले कन्हैया ने अपनी ही पार्टी के नेता के साथ मारपीट और बदसलूकी की थी जिसे लेकर अब उनकी अपनी ही पार्टी ने कन्हैया कुमार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया । अब कन्हैया राहुल गांधी को रास आ रहे हैं उन्हें कांग्रेस में शामिल किया गया। कन्हैया जानता है उसकी राजनीतिक महत्वकांक्षा सीपीआई में रहते हुए पूरी नहीं हो सकती इसीलिए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी में शामिल होने को उचित समझा कांग्रेस के पास बिहार में नेता नहीं है उन्हें कन्हैया से बहुत आशाएं हैं आजकल उसका रुख कुछ बदला नजर आ रहा है।

## महिला मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा इस्तांबुल, पुरूषों के समान होगी पुरस्कार राशि

**लुसाने (एजेंसी)।** महिलाओं की मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप दिसंबर के शुरू में इस्तांबुल में करायी जायेगी जिसमें कुल 2.6 करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि दी जायेगी जो पुरूषों की प्रतियोगिता के बराबर ही है। खेल की विश्व संचालन संस्था लैंगिक समानता हासिल करना चाहती है और यह कदम इसी कड़ी में उठाया गया है। यह घोषणा एआईबीए अध्यक्ष उमर क्रेमलेव के इस्तांबुल के आधिकारिक दौरे के दौरान खेल की शीर्ष संस्था और तुर्की मुक्केबाजी महासंघ के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर के बाद की। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''आधिकारिक रूप से पुष्टि की जाती है कि एआईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित की जायेगी। '' क्रेमलेव ने कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एआईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप यहां इस्तांबुल में होगी। उन्होंने खेल में लैंगिक समानता हासिल करने पर जोर दिया और कहा, ''मुक्केबाजी खेल में लैंगिक समानता हासिल करना हमारे मुख्य लक्ष्यों में से एक है। मुझे यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि इसमें पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि पुरूष विश्व चैम्पियनशिप की पुरस्कार राशि के बराबर ही होगी। '' उन्होंने कहा, ''एआईबीए के 75 साल के इतिहास में पहली बार पदक विजेताओं को एआईबीए से इतनी पुरस्कार राशि दी जायेगी। '' क्रेमलेव ने कहा, ''इसमें 2.6 करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि होगी जिसमें प्रत्येक वजन वर्ग में पहले स्थान पर रहने वाली मुक्केबाज को 100,000 डॉलर मिलेंगे। रजत पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर और कांस्य पदक जीतने के लिये 25,000 डॉलर मिलेंगे। '' विश्व चैम्पियनशिप के लिये भारतीय महिला टीम की घोषणा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के बाद की जायेगी जो हरियाणा के हिसार में 21 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होगी।

# झूलन गोस्वामी और पूजा वस्त्रकार ने दिए ऑस्टेलिया को शुरुआती झटके, दिन का खेल खत्म होने तक कंगारू टीम का स्कोर 143/4

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे एकमात्र पिंक बॉल टेस्ट मैच का तीसरा दिन टीम इंडिया की गेंदबाजों के नाम रहा। झूलन गोस्वामी और पूजा वस्त्राकार ने कंगारू टीम को शुरुआत झटके दिए और दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट खोकर 143 रन बना लिए हैं।

झूलन और पूजा ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। इससे पहले भारतीय टीम ने 8 विकेट पर 377 रन बनाकर अपनी पारी को घोषित किया। इस मुकाबले में महज एक दिन का खेल बचा है और यह टेस्ट मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ चला है। ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका बेथ मूनी के रूप में लगा जिन्हें गोस्वामी ने बोल्ड किया। लेकिन एलिसा हीली (29) और कप्तान लैनिंग ने कुछ आकर्षक शॉट लगाकर पारी आगे



बढ़ाई। हालांकि टी ब्रेक से कुछ देर पहले गोस्वामी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। 38 साल की भारतीय तेज गेंदबाज की गेंद एलिसा हीली के बल्ले को चूमती हुई विकेटकीपर तानिया भाटिया के हाथों में समा गई। तहलिया मैकग्रा (28) वस्त्रकार की शार्ट गेंद को ऊंचा खेल बैठी जो प्वाइंट पर सीधे स्मृति मंधाना के हाथों में गई, इससे मेजबान टीम का स्कोर चार विकेट पर 119 रन हो गया। इसके बाद गोस्वामी को फिर गेंदबाजी पर लगाया गया और उनके लिए दो स्लिप लगाई, पर एलिस पैरी और एशले गार्डनर स्टंप तक डटी रहीं। पैरी 27 और गार्डनर 13 रन बनाकर खेल रही हैं।

इससे पहले भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने 66 रन की पारी खेली और टीम के लिये दूसरी सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहीं। शुक्रवार को सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने खेल के इस प्रारूप में अपना पहला शतक जड़ा था। भारत ने डिनर तक सात विकेट पर 359 रन बना लिए थे। टीम ने कैरारा ओवल में पांच विकेट पर 276 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। दूसरे दिन बारिश और बिजली गरजने से खेल जल्दी खत्म हो गया था जिससे तीसरे दिन का पहला सत्र लंबा रहा जिसमें भारत ने 83 रन बनाकर तानिया भाटिया और वस्त्रकार के विकेट गंवाए। तानिया ने 75 गेंद में 22 रन बनाए जबकि वस्त्रकार केवल 13 रन ही बना सकीं। तानिया के आउट होने से दीप्ति और उनके बीच छठे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी का अंत हुआ। भारतीय टीम ने तेजी से रन जुटाने के बजाय धीमी गति से रन बनाए जिससे ऐसा लग रहा है कि दोनों टीमें नतीजे के बजाय ड्रा से संतुष्ट रहना चाहेंगी क्योंकि खराब मौसम के कारण मैच का काफी खेल खराब हो गया। तानिया और दीप्ति ने इस 45 रन की साझेदारी के लिये 28 से ज्यादा ओवर तक बल्लेबाजी की। स्टेला कैंपबेल ने तानिया का विकेट झटका जो उनका पहला टेस्ट विकेट भी था। यह कैच विकेट के पीछे एलिसा हीली ने लपका।

भारतीय टीम ने हालांकि ज्यादा विकेट नहीं गंवाए, लेकिन बल्लेबाजों ने सपाट दिख रही पिच पर ढीली गेंदों का फायदा नहीं उठाया। दीप्ति ने 12 रन से दिन की शुरुआत की थी, उन्होंने 148 गेंद में पांच चौकों की मदद से अपना दूसरा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। एलिस पैरी ने टीम को एक और झटका वस्त्रकार के रूप में दिया जो गली में बेथ मूनी को कैच देकर आउट हुई।

## लियोनेल मेसी के घर से लाखों रूपये के गहने और नगदी हुई चोरी, कमरे की छत तोड़कर दिया घटना को अंजाम


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे लोकप्रिय स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के घर से लाखों रूपये का सामान चोरी कर चोर फरार हो गए। जिस वक्त चोरी हुई उस वक्त मेसी अपने क्लब के लिए पीएसजी चैम्पियन लीग खेल रहे थे। पीएसजी चैम्पियन लीग के समय उनका परिवार, पतनी और तीन बच्चे भी उनके साथ पेरिस में ही थे। इसी दौरान चौरों ने उनके घर में वारदात को अंजाम दिया।रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने कमरे छत तोड़कर कमरे में प्रवेश किया और तकरीबन 30 लाख रुपये के गहने और कमरे में मौजूद कैश अपने साथ ले गए। घटना के समय फुटबॉलर मेसी अपने परिवार के साथ पेरिस में थे जहां वो अपने क्लब की ओर से खेले जाने वाले पीएसजी चैम्पियन लीग में भाग ले रहे हैं। दरअसल जिस होटल में मेसी का सामान चोरी हुआ है वहां उन्होंने चार कमरे लिए हुए थे। जिसका किराया 17 लाख रुपये है। जानकारी के मुताबिक कमरे के ऊपर वाले फ्लोर में किसी कमरे की बालकनी खुली हुई थी यहीं से चोरों ने होटल में प्रवेश किया और कमरे की छत तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। अनके कमरे से चोरी हुए गहनों की कीमत 29.64 लाख और नगदी की कीमत 11.11 रुपये बताई जा रही है।



## आईपीएल के इस अनचाहे रिकॉर्ड में शिखर धवन ने की गौतम गंभीर की बराबरी, जल्द से जल्द चाहेंगे भूलना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के अहम मुकाबले में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स से हो रही है। टॉस गंवाने के बाद पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने स्कोर बोर्ड पर 8 विकेट खोकर 129 रन टांगे हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही है और टीम ने पावरप्ले के अंदर अपने तीन बड़े विकेट गंवा दिए हैं। शानदार फॉर्म में चल रहे शिखर धवन अनलकी रहे और पोलार्ड के डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट होकर पवेलियन लौटे। धवन आईपीएल के इतिहास में 16वीं बार रनआउट होकर पवेलियन लौटे और इसके साथ ही उन्होंने एक अनचाहे रिकॉर्ड में गौतम गंभीर की बराबरी कर ली है।

दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग में गब्बर अब गौतम गंभीर के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा बार रनआउट होकर पवेलियन लौटने



वाले बल्लेबाज बन गए हैं। धवन 16वीं बार रनआउट हुए। गंभीर भी अपने आईपीएल करियर के दौरान 16 बार रनआउट हुए थे। इस शर्मनाक लिस्ट में दूसरे नंबर पर सुरेश रैना का नाम है, जो कि 15 बार रनआउट हो चुके हैं। तीसरे नंबर पर मिस्टर 360 यानी एबी डिविलियर्स और अंबाती रायडू का नाम शामिल है। धवन ने अपनी 8 रनों की पारी में एक सिक्स जमाया, लेकिन वह रन चुराने की जल्दी में अपना विकेट गंवा बैठे। चोट के बाद टीम में वापसी कर रहे पृथ्वी शॉ भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज 6 रन बनाकर क्रुणाल पांड्या का शिकार बने। स्टीव स्मिथ 9 रनों के स्कोर पर नाथन कुल्टर नाइल क्लीन बोल्ड हुए। दिल्ली के गेंदबाजों ने शुरुआत से अपना कहर बरपाया और आवेश खान ने दूसरे ही ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (7) को चलता किया। इसके बाद अक्षर पटेल का जादू चला और उन्होंने क्विंटन डिकॉक (19), सौरभ तिवारी (15) और सूर्यकुमार यादव (33) को आउट करके मुंबई के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया।

# रोमांचक जीत से दिल्ली कैपिटल्स की मजबूत हुई टॉप 2 की दावेदारी, बढ़ीं रोहित शर्मा की मुश्किलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज आवेश खान, लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल के तीन-तीन विकेटों और श्रेयस अय्यर की 33 रन की नाबाद पारी और रविचंद्रन अश्विन के आखिरी ओवर की पहली गेंद पर शानदार छक्के से दिल्ली कैपिटल्स ने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2021 के 46वें मुकाबले में शनिवार को चार विकेट से हराकर मुम्बई के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। दिल्ली ने मुंबई को 20 ओवर में आठ विकेट पर 129 रन पर रोकने के बाद 19.1 ओवर में छह विकेट पर 132 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। दिल्ली की 12 मैचों में यह नौवीं जीत है और वह 18 प्वॉइंट्स के साथ प्वॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर है। दूसरी तरह मुंबई की 12 मैचों में यह सातवीं हार है और वह 10 प्वॉइंट्स के साथ छठे स्थान



पर है। मुंबई को अब प्लेऑफ में जाने के लिए बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे, दूसरी टीमों के नतीजों को भी देखना होगा और अपने रन रेट में भी सुधार करना होगा। दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा 10 गेंदों में एक चौके के सहारे सात रन बनाकर आवेश का शिकार बन गए। क्विंटन डिकॉक 18 गेंदों में एक चौके और एक छक्के के सहारे 19 रन बनाकर अक्षर की गेंद पर आउट हुए।

सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 33 रन बनाए और वह अक्षर का दूसरा शिकार बने। सौरभ तिवारी 18 गेंदों में एक चौके की मदद से 15 रन बनाकर अक्षर का तीसरा शिकार बने। कीरोन पोलार्ड को एनरिच नोर्ट्जे ने बोल्ड किया। पोलार्ड ने नौ गेंदों पर छह रन बनाए। आवेश ने 19 वें ओवर में हार्दिक पांड्या और नाथन कॉल्टर नाइल को बोल्ड किया। पांड्या ने 18 गेंदों पर 17 रन में दो चौके लगाए। जयंत यादव ने मात्र चार गेंदों पर 11 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया। जयंत पारी के आखिरी ओवर में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की पहली गेंद पर छक्का मारने के बाद अगली गेंद पर आउट हो गए। क्रुणाल पांड्या ने अश्विन की आखिरी गेंद पर छक्का मारा और मुंबई को 129 तक पहुंचाया। क्रुणाल एक चौके और एक छक्के की मदद से 13 रन बनाकर नाबाद रहे। आवेश ने चार ओवर में 15 रन पर तीन विकेट और अक्षर ने चार ओवर में 21 रन पर तीन विकेट झटके। नोर्ट्.जे और अश्विन को एक एक विकेट मिला।

## टीसीएम और वेलनेस फिजियो कराएगी गांधी चौक का कायाकल्प

### हमार भदोही की पहल पर गांधी जयंती से शुरू हुआ अभियान

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** नगर के इंदिरा मिल चौराहे पर स्थित गांधी चौक के सुंदरीकरण लिए भदोही के सभ्रांत नागरिकों और संस्थानों ने पहल की है लंबे समय इस चौराहे और गांधी चौक की हालत काफी खराब है। भदोही आने वालों को अच्छा अनुभव नही होता है अब इस चौराहे का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने इस कार्य के सहमति देते हुए उत्साह बढ़ाया है। जिलाधिकारी के अनुमति के बाद आज से इस पर कार्य शुरू कराया गया है।हमारा भदोही के पहल पर ठुकराल कैपिटल मार्केट और वेलनेस फिजियो इसका कायाकल्प कराएगी। गांधी चौक पर आयोजित कार्यकर्म में अशोक ठुकराल ने कहा की लंबे समय से इस चौराहे पर किसी का ध्यान नही है जिससे गांधी चौक की स्थिति काफी खराब हो गई है। आज इस मौके पर आएं इंजीनियर और आर्टिटेक्ट से इसका प्लान बनाने में मदद ली जा रही है। इसे मॉडल चौराहा बनाया जायेगा। साफ सफाई के साथ इसकी शुरुआत कर दी गए है। आज भदोही को अच्छा वातावरण देना आवश्यक है। हमार भदोही के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने कहा कि काफी प्रयास के बाद टाउन ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिलाने में हमार भदोही का प्रयास सफल हुआ था। लेकिन अब भदोही में इंट्री के इस चौराहे के सुंदरीकरण से कालीन नगरी भदोही बेहतर कराने का प्रयास किया जाएगा। इसमें जिलाधिकारी ने अनुमति देते हुए हर तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया है। कार्यकर्म में वेलनेस फिजियो के निदेशक डॉक्टर शैलेश पाठक ने कहा अच्छा स्वास्थ्य सुविधा के अच्छा वातावरण भी मिलना चाहिए।

## भदोही के साहित्यकार पंडित सुधाकर मिश्र को 'साहित्य भूषण' सम्मान

### हीरालाल मिश्र मधुकर को पंडित रामनरेश त्रिपाठी और संदीप कुमार तिवारी को आचार्य रघुवीर प्रसाद त्रिवेदी का पुरस्कार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ द्वारा 2020 के विभिनन्न सम्मान एवं पुरस्कारों की बीती रात घोषणा कर दी गई है। जनपद निवासी पंडित सुधाकर मिश्र को संस्थान की तरफ से साहित्य भूषण सम्मान मिला है। भदोही जनपद के धनवतिया गांव निवासी पंडित सुधाकर मिश्र को ढाई लाख रुपए का साहित्य भूषण सम्मान मिलने से साहित्यकारों में खुशी है। जबकि मिश्र के सगे भाई हीरालाल मिश्र मधुकर को उनकी पुस्तक 'कजली साहित्य' का इतिहास पर 75,000 रुपए के पंडित रामनरेश त्रिपाठी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। मधुकर मिश्र श्रीगणेश इंटर कालेज बरवां भदोही के प्रबंधक तथा साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य परिषद एवं संस्कार भारती भदोही इकाई के संरक्षक हैं। जनपद में वैज्ञानिक लेखन के लिए सिद्धहस्त संदीप कुमार तिवारी को उनकी पुस्तक मानव जीवन में वनस्पतियां पर चालीस हजार रुपए का आचार्य रघुवीर प्रसाद त्रिवेदी पुरस्कार मिला है। भदोही जनपद के तीन-तीन विद्वानों के पुरस्कृत होने पर डॉ. राजकुमार पाठक, डॉ.अशोक मिश्र, डॉ. विद्या शंकर त्रिपाठी, डॉ. सुरेश कुमार मंजुल, विद्यापति शुक्ल कोकिल, संदीप कुमार बालाजी और किसलय ने प्रसनन्ता व्यक्त की है।

# जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जनपद वासियों को दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और 'गुदड़ी के लाल' पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आज कलेक्ट्रेट सभागार में धूमधाम के साथ मनाई गई। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से महात्मा गांधी ने समाज के सभी वर्गों में आजादी की लौ प्रज्ज्वलित की। उन्होंने कहा गांधी ने सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया है, वह देश में ही नहीं, पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इससे हमारे देश भारत का गौरव आगे बढ़ रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी एक ऐसे महापुरुष थे, जो अहिंसा और सामाजिक एकता पर विश्वास करते थे, उन्होंने भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा सामाजिक विकास के लिए हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने भारतीयों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा गांधी जी की जो भी परिकल्पना रही हैं उन पर चलकर विभिनन्न आयाम स्थापित किए गए हैं। गांधीजी की दूसरी परिकल्पना महिलाओं को आगे बढ़ाने की थी, जो पूरी होती दिखाई दे रही है। हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढकर हिस्सा ले रही हैं। पहले बेटी और बेटे में भेदभाव की भावना थी, जिसमें कमी आई है। बेटियों को उनके समस्त अधिकार दिए जा रहे हैं। अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि आज का यह दिन हम सब को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों, सिद्धांतों व उनके सद् विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पद चिन्हों पर चलने का अवसर प्रदान करता है। कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों को हम सभी को समझना चाहिए, अच्छी तरह से उनका अध्ययन करना चाहिए तथा उनके मूल्यों को अपने वास्तविक जीवन में भी अपनाना चाहिए। 'जय जवान-जय किसान' का जो नारा था, वास्तविक में यह नारा नहीं है, बल्कि उस समय की सेना के लिए यह बहुत बड़ी रणनीति थी। अगर हम महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न सिर्फ व्यक्ति का बल्कि पूरे समाज का विकास होगा।






### शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर जारी

गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने भदोही हाईजीन कार्यक्रम के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की तरफ से एक व्हाट्स नंबर- 8528928496 जारी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थ की दुकानों पर गंदगी दिखे तो इस नंबर पर फोटो सहित व्हाट्एप करें। शिकायत का 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने झाड़ू लगाकर किया जागरुक

सागररायपुर में व्यक्तिगत शौचालय सोखता का जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने फीटा काटकर एवं फावड़ा चलाकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी से कहा कि एएनएम से मिलकर संक्रमित बीमारियों से बचाव के लिए एन्टीलार्वा का छिडकाव कराया जाय। ग्राम पंचायतों में फॉगिंग भी कराई जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सागररायपुर की जीपीडीपी ग्राम पंचायत सचिवालय में बैठक की और विकासात्मक क्रियाकलापों की पूरी कायन्योजना बैठक में पास कराकर उसे अपलोड किये जाने की बात की। ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, ओडीएफ की स्थिरिता पर बल दिये जाने, हर घर जल उपलब्ध कराने में जन सहभागिता सुनिश्चित किये जाने पर का भी प्रस्ताव पास कराने के निर्देश दिया। कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास के लिए फंड की कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने आज ग्राम पंचायत सचिवालय में पौधरोपण भी किया। जिलाधिकारी ग्राम पंचायत सागररायपुर में अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम में स्वयं ही झाडू लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर उप जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय सहित कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गांधी जयंतीः सालभर में 100 घंटे सफाई का संकल्प

### न्याय पंचायत नथईपुर के परिषदीय विद्यालयों में मनाई गई गांधी जयंती

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** गांधी जयंती के मौके पर न्याय पंचायत नथईपुर के शिक्षकों और बच्चों ने वर्षभर में 100 घंटे साफ-सफाई करने और लोगों को जागरुक करने का संकल्प लिया। संकल्प लिया गया कि सप्ताह में दो घंटे सभी लोग साफ-सफाई पर खर्च करेंगे। इस



दौरान न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। शिक्षकों ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। संकल्प के दौरान शिक्षकों ने कहा कि हम सभी लोग, इसी तरह अपने स्कूल में स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर सप्ताह में दो घंटे स्वयं से विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करेंगे। महात्मा गांधी के आदर्शों पर विचार व्यक्त किया गया। प्राथमिक विद्यालय संसारापुर में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्र व सहायक अध्यापक दिलीप कुमार दुबे, लालचंद संजना सिंह आदि ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। इसी प्रकार बैरीपरवा विद्यालय में अरविंद पांडेय, प्राथमिक विद्यालय नथईपुर दक्षिण अहिरान बस्ती में सुषमा मौर्य, कंपोजिट विद्यालय नथईपुर में विवेक सिंह, विजय सिंह, सुधाकर पांडेय, कामना त्रिपाठी, मीरा देवी, कंपोजिट विद्यालय हिंछनपुर में राजेंद्र यादव, राहुल मिश्रा, सुनील पांडेय, देव प्रकाश चक्रवर्ती आदि ने महात्मा गांधी की जयंती मनाई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय संसारापुर में प्रधानाध्यापक पंचलाल ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राथमिक विद्यालय विद्यालय कशीदहां हरिजन बस्ती में वीरेंद्र कुमार, आशीष त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार की मौजूदगी में गांधी जयंती मनाई गई।



## छत्तीसगढ़ में कुर्सी छिनने की अटकलों के बीच कांग्रेस ने बघेल को यूपी चुनाव में दी अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शनिवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बघेल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। कुछ महीने पहले बघेल ने असम विधानसभा चुनाव के लिए भी इसी जिम्मेदारी का निर्वहन किया था, हालांकि उस चुनाव में कांग्रेस नीत गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ में नेतृत्व परविर्तन को लेकर चल रही चर्चा के बीच बघेल की इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के साथ बघेल का सत्ता संघर्ष चल रहा है। अटकलें हैं कि पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस मुख्यमंत्री बदल सकती है। उत्तर प्रदेश में अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रियंका गांधी वाद्रा उप्र में कांग्रेस की प्रभारी हैं। उधर, कांग्रेस ने नीरज पांडेय को एनएसयूआई की छत्तीसगढ़ इकाई और मंजुल त्रिपाठी को मध्य प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, ''पार्टी ने विश्वास व्यक्त किया उसके लिए धन्यवाद। एक बड़ी जि़म्मेदारी दी है, मैं सोनिया, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

# बिहार में बाढ़ का कहरः नालंदा-बेगूसराय और भभुआ में घरों में धुसा पानी, हजारों लोग लोग परेशान

**बिहारशरीफ, बेगूसराय (एजेंसी)।** बिहार के कई जिलों में बाढ़ ने कहर ढाया हुआ है। नालंदा, बेगूसराय और भभुआ समेत कई जिलों में बाढ़ से तबाही मची है। नालंदा में सकरी, जिरायन, पंचाने नदियां उफान पर है। बाढ़ का पानी नए इलाकों में पहुंच गया है। सीएम नीतीश कुमार बाढ़ से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए यहां आ रहे हैं। बिहारशरीफ, कतरीसराय, गिरियक और अस्थावां प्रखंडों के बाद रहुई व बिंद प्रखंड भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। 550 हेक्टेयर से ज्याफ खेतों में लगी धान, मक्के और सब्जी की फसलें डूब गई हैं। बिहारशरीफ को कतरीसराय से जोड़ने वाली सड़क का डायवर्सन मानपुर के पास टूट गया है। जिला मुख्यालय हारशरीफ के निचले इलाकों में पंचाने का पानी फैल गया है। जिला प्रशासन द्वारा राहत कार्य चलाया जा रहा है।

बाढ़ क्षेत्रों का दौरा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रहुई आ रहे हैं। वहां पंचाने नदी का दुलचंद बिगहा के पास टूटे बांध का जायजा लेंगे। इसके बाद शेखपुरा के शेखपुरसराय जाएंगे। इसके बाद बाढ़ प्रभावित सरमेरा, गिरियक भी जाएंगे। झारखंड में अधिक बारिश होने से जिले की तीन नदियां जिराइन, सकरी और पंचाने उफना गयी हैं। इसके कारण तीन दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हैं।

बेगूसराय में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शनिवार की सुबह हुई मुसलाधार बारिश से कई सड़कें पानी में डूब गई। बारिश से नगर निगम क्षेत्र के कई मोहल्ले के लोगों के घरों में पानी घुस गया है। बारिश से कई मोहल्ले के रिहइशी इलाकों में पानी भर गया। शहरी क्षेत्र में लोहियानगर, चाणक्य नगर, विष्णुपुर आदि मोहल्ले के लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। इन इलाकों में घरों के बाहर पानी जमा हो गया है। चाणक्यनगर मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क व गड्ढों में इतना पानी जमा हो गया है कि बच्चे इन जमा पानी में मछली मार रहे हैं। साथ ही लोहियानगर की स्थिति भी काफी खराब है। शहर का सारा पानी लोहियानगर में भरता जा रहा है। यहां की आबादी पानी से पूरी तरह घिर गई है।

विष्णुपुर चांदनी चौक के पास मुख्य सड़क में भी ठेहुनाभर पानी जमा हो गया है। अपनी खूबियों के कारण अक्सर सुखिर्यों में रहनेवाला आदर्श+2 गर्ल्स हाईस्कूल बारिश के सीजन में खामियों के घेरे में है। दो दिन से लगातार हो रही बारिश की वजह से स्कूल के प्रधानाचार्य कक्ष समेत पांच कमरों में पानी घुस गया। शिक्षक व छात्राएं स्कूल पंहुचे तो कैम्पस में जमा पानी देखकर स्थिति असहज हो गई। इंटरमीडिएट के लिए बने नये भवन की ओर प्रार्थना व गांधी जयंती समारोह मनाने की व्यवस्था की गई। इसके बाद स्कूल प्रशासन जलनिकासी के प्रबंध में जुट गया। दस बजे सुबह में बिजली भी गुल थी लेकिन इसके बाद विद्युत मोटर के सहारे जलनिकासी की कवायद शुरू की गई ताकि सोमवार से कक्षाओं के संचालन में बाधा उत्पनन्न न हो। हेडमास्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तेज बारिश होने पर अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। फिलहाल पानी की निकासी विद्युत मोटर से की जा रही है।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने सीएम नीतीश कुमार पहुंचे नालंदा और नवादा, जलजमाव के बीच बोरा पर चलकर गुजरे सीएम



**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को बाढ़ और गुलाब चक्रवात से उपजे हालात और लोगों की परेशानी का जायजा लेने के लिए निकले। सड़क मार्ग से मुख्यमंत्री पटना, नालंदा और नवादा जिले का निरीक्षण करने के लिए निकले हैं। सीएम नीतीश कुमार के साथ पटना के आयुक्त संजय अग्रवाल समेत कई अधिकारी और अन्य लोग भी मौजूद है। बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले नालंदा पहुंचे। सड़क मार्ग से सबसे पहले उनका काफिला बिंद पहुंचा। यहां के बाद वे अस्थावां, रहुई और कतरीसराय भी गये। लगातार हो रही बारिश से नालंदा की सभी नदियां उफान पर हैं। जिरायन, पंचाने और सकरी नदियों के तटबंध कई जगहों पर टूट गये हैं। धान की फसलें डूब गयी हैं। सीएम के साथ जल संसाधन मंत्री संजय झा, आयुक्त संजय अग्रवाल व अन्य अधिकारी मौजूद थे। सीएम ने अधिकारियों को राहत कार्य चलाने का आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान सीए जलजमाव वाले इलाकों में पैदल जाकर जायजा लिया। इस दौरान उन्हें मिट्टी भरे बोरे से बनी पगडंडी से चलकर पार करना पड़ा।नालंदा के बाद सीएम नीतीश कुमार नवादा पहुंचे। वहां नारदीगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा। जिले के धनाजय नदी पर बन रहे पुल का डायवर्जन टूट जाने से 25-30 गांवों में बाढ़ की स्थिति बन गयी है। हिसुआ और नरहट में स्थिति ज्यादा खराब है। कई गांव प्रखंड मुख्यालय से कटे हुए हैं। सीएम ने जिला प्रशासन को हर संभव राहत कार्य चलाने का निर्देश दिया। नालंदा में मुख्यमंत्री के रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है।

# कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई, टास्क फोर्स ने चेताया- पूरी ताकत से कर सकता है पलटवार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना महामारी से लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। कोविड-19 को लेकर एम्स में बनाई गई कोविड टास्क फोर्स के प्रमुख डॉक्टर नवनीत ने शनिवार को कहा कि कोविड के खिलाफ अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। डॉक्टर नवनीत ने चेताया है कि कोरोना पूरी ताकत के साथ पलटवार कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना वैक्सीन के 90 करोड़ डोज सफलतापूर्वक दे दिये हैं। न्यूज एजेंसी 'ध्द' से बातचीत में डॉक्टर नवनीत विग ने कहा, 'हमें 100 करोड़ वैक्सीन के लक्ष्य पर पहुंचना है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि सभी लोगों को वैक्सीन का दोनों डोज दिया जाए। इसलिए यह हमारा लक्ष्य है और हम इसके लिए काम कर रहे हैं। लेकिन हमें और तेजी से आगे बढ़ना है और सुनिश्चित करना है कि सभी को वैक्सीन का दोनों डोज दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह आसान लड़ाई नहीं है। हम अति आत्मविश्वास में नहीं आना है। हमें सभी जरुरी गाइडलाइन का पालन करना होगा तब ही हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। टास्क फोर्स के प्रमुख ने कहा, 'अभी भी कुछ राज्यों में पॉजीटिविटी रेट 10 फीसदी से ज्यादा है। यह आसान नहीं है। कई अन्य देश अभी भी जंग लड़ रहे हैं। इसलिए हमें बहुत ध्यान देना है कि यह महामारी पूरी ताकत के साथ एक बार फिर पलटवार कर सकती है।'

त्योहारों का सीजन आ चुका है और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस सीजन में लोगों से अपील की है कि वो कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहारों का आनंद लें। लोगों से अपील की गई है कि इस दौरान जरा भी लापरवाही ना बरती जाए। कोविड-19 टास्क फोर्स की तरफ से कहा गया है कि हमें और भी ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है। कम से कम दीपावली के 2 हफ्ते बाद तक काफी ध्यान रखने की जरुरत है। डॉक्टर नवनीत ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि डेंगू, टायफाइड और हवा जनित रोग अभी पांव पसार रहे हैं। चिकित्सकों के लिए यह तय करना काफी मुश्किल हो रहा है कि यह कोविड है या फ्लू या टायफाइड बुखार।

## दिल्ली में नाबालिगों के खिलाफ एक साल से अधिक समय से पेंडिंग केस समाप्त करने का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में राजधानी दिल्ली में उन सभी मामलों को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है, जिनमें नाबालिगों के खिलाफ कथित छोटे अपराधों में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष जांच लंबित है और जिन पर एक साल से अधिक समय से कोई निणन्य नहीं लिया गया है। अदालत ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम (जेजे अधिनियम) की धारा 14 के तहत आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया है कि छोटे अपराध करने वाले किसी बच्चे के खिलाफ जांच, बोर्ड के समक्ष पहली बार पेश होने की तारीख के बाद चार महीने में समाप्त हो जानी चाहिए। ऐसे मामलों में जांच की अवधि को अधिकतम दो माह के लिए ही बढ़ाया जा सकता है। प्रावधान कहता है कि यदि जांच अनिर्णायक रहती है, तो ऐसी कार्यवाही समाप्त हो जाएगी।

जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि





हम न्यायिक व्यवस्था में त्रुटि को ठीक करने के लिए यह आदेश पारित कर रहे हैं, क्योंकि हमारा मानना ??है कि ऐसे मामलों को अब और लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं है। बेंच ने 29 सितंबर को पारित और शुक्रवार को उपलब्ध अपने आदेश में कहा कि बच्चों/किशोरों के खिलाफ छोटे-मोटे अपराधों का आरोप लगाने वाले ऐसे सभी मामलों में जांच को तत्काल समाप्त कर दिया जाए, जिनमें जांच लंबित है और एक वर्ष से अधिक समय तक कोई निणन्य नहीं लिया गया है। इसमें इस बात को नहीं देखा जाएगा कि बच्चे/किशोर को जेजेबी के समक्ष पेश किया गया या नहीं। डीसीपीसीआर द्वारा अदालत को सूचित किया गया था कि इस साल 30 जून तक, किशोरों द्वारा किए गए छोटे अपराधों से संबंधित 795 मामले यहां छह जेजेबी के समक्ष छह महीने से एक वर्ष की अवधि तक लंबित हैं और ऐसे 1108 मामले एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं।

### लव जिहाद का दावा करने वाले पादरी ने कहा- नकली धर्मनिरपेक्षता भारत को तबाह कर देगी

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** ''नारकोटिक्स और लव जिहाद'' टिप्पणी पर विवादों के बीच सायरो मालाबार कैथोलिक चर्च के पाला डॉयसीज के पादरी जोसेफ कल्लारंगट ने शनिवार को कहा कि ''छद्म धर्मनिरपेक्षता भारत को तबाह कर देगी'', इसलिए असल धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों की रक्षा करने की आवश्यकता है। गांधी जयंती के अवसर पर, चर्च से संबद्ध अखबार 'दीपिका' में प्रकाशित एक आलेख में पादरी कल्लारंगट ने अपनी विवादित टिप्पणी ''नारकोटिक्स और लव जिहाद'' का जिक्र किए बिना उन लोगों की तीखी आलोचना की जिनका कहना है कि किसी को अपने समुदाय की बुराइयों के बारे में बात नहीं करनी चाहिए।

### कांग्रेस की वरिष्ठ नेता ताजदार बाबर का निधन हो गया, राहुल ने दुख जताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता ताजदार बाबर का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह 85 साल की थीं। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि ताजदार ने आज सुबह अंतिम सांस लीं। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उनके निधन पर दुख जताया है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'ताजदार बाबर जी के परिवार और मित्रों के प्रति मेरी संवेदना है। हम दिल्ली के लोगों और कांग्रेस के मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हैं।' वहीं, कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा, 'दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेत्री ताजदार बाबर जी, जिन्हें हम प्यार से मम्मी संबोधित करते थे, आज हमारे बीच नहीं रही। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे एवं अपने श्री चरणों में स्थान दे। विनम्र श्रद्धांजलि! उल्लेखनीय है कि ताजदार बाबर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रहने के साथ ही मिंटो रोड और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्रों से विधायक भी रहीं।

# मनमानी फीस वृद्धि पर दिल्ली सरकार का सख्त रुख, पीतमपुरा के बड़े प्राइवेट स्कूल की मान्यता रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने माता-पिता का शोषण कर शिक्षा का व्यवसायीकरण और मुनाफाखोरी करने के लिए मनमाने ढंग से फीस वृद्धि करने को लेकर पीतमपुरा के एक बड़े निजी स्कूल की मान्यता रद्द कर दी। सरकार ने शुक्रवार को बाल भारती स्कूल को 2022 में नए शैक्षणिक सत्र से कोई भी प्रवेश लेने से रोक दिया है और कहा है कि स्कूल को मौजूदा सत्र को पूरा करने की अनुमति दी जाएगी। अगले सत्र से वर्तमान छात्रों को अभिभावकों की सहमति से पास के मान्यता प्राप्त स्कूलों में शिफ्ट कर दिया जाएगा और पहले से भुगतान की गई फीस को एडजस्ट




किया जाएगा। इस बारे में स्कूल का पक्ष जानने के लिए स्कूल के प्रिंसिपल को की गई कॉल और टेक्स्ट मैसेज का कोई जवाब नहीं मिला। डीओई ने एक आधिकारिक आदेश में कहा कि बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली की ओर से शिक्षा निदेशालय के कानूनी निर्देशों का निरंतर उल्लंघन यह बताता है कि स्कूल डीएसईएआर, 1973 के प्रावधानों के अनुसार काम नहीं कर रहा है, विभाग द्वारा समय-समय पर गाइडलाइंस और दिशानिर्देश और जारी किए गए हैं।

आदेश में आगे कहा गया कि मान्यता की शर्त का पालन करने में इस घोर विफलता के परिणामस्वरूप स्कूल द्वारा माता-पिता का निरंतर उत्पीड़न और शोषण हुआ है और अनुचित और अवैध रूप से बढ़ी हुई फीस वसूल कर अभिभावकों का शोषण करके शिक्षा की मुनाफाखोरी और व्यावसायीकरण में लिप्त है। इस प्रकार स्कूल को आगे जारी नहीं रखा जाना चाहिए क्योंकि मान्यता प्राप्त है, इसलिए मान्यता वापस लेने के लिए उत्तरदायी है। मान्यता वापस लेने की शर्तों को ध्यान में रखते हुए, डीओई ने कहा कि स्कूल को सत्र 2021-22 को मान्यता के साथ पूरा करने की अनुमति दी जाएगी। आदेश में कहा गया है कि सत्र के समापन के बाद स्कूल के सभी छात्रों को माता-पिता की सहमति से चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी (J) द्वारा संचालित नजदीकी मान्यता प्राप्त स्कूलों में या पास के सरकारी स्कूलों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। पहले से भुगतान की गई फीस, तदनुसार समायोजित होगी।इसके साथ ही यह भी साफ कर दिया गया है कि स्कूल 2022-23 सत्र से कोई प्रवेश नहीं लेगा।

## भारी बारिश में डूबा बलिया जेल, सभी 939 बंदियों को किया जा रहा शिफ्ट, भेजे जा रहे आजमगढ़ और अंबेडकरनगर

**बलिया (एजेंसी)।** भारी बारिश ने यूपी में जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया है। गुरुवार की रात से लगातार हो रही बारिश ने बलिया में सबसे ज्यादा संकट पैदा कर दिया है। यहां की जेल में इतना जलजमाव हो गया है कि बैरक से लेकर सबकुछ डूब गया है। जेल की बैरकों, किचेन आदि में पानी भर जाने और निकासी का कोई उपाय नहीं होने के बाद यहां के सभी बंदियों को गैर जनपदों में शिफ्ट करने का निणन्य किया गया। यहां बंद कुल 939 बंदियों में से छह सौ को आजमगढ़ और 339 को अम्बेडकरनगर जेल शिफ्ट कर दिया गया है। शनिवार की शाम चार बजे तक चार बसों से कुल 120 बंदी आजमगढ़ के लिए भेजे जा चुके थे। शेष को भेजने के लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही थीं। जिला कारागार अधीक्षक लाल



रतनकर सिंह ने बताया कि जेल परिसर के साथ ही बैरकों व अन्य स्थानों पर जलभराव के चलते दिक्कत बढ़ गयी है। आने-जाने के रास्ते भी अवरूद्ध हो गए हैं। इसे देखते हुए सभी 939 में से 600 बंदियों को आजमगढ़ व अन्य को अम्बेडकरगर जिला जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। जिला कारागार में जल जमाव के चलते बंदियों को अन्य जनपद में शिफ्ट करने की नौबत इससे पहले वर्ष 2019 में भी आयी थी। उस समय जेल में निरुद्ध 865 बंदियों में से 445 को आजमगढ़ व शेष को अम्बेडकरनगर भेजा गया था। भारी बारिश के चलते अंदर से बाहर तक लबालब भर चुका जिला जेल परिसर फिर से खाली होने लगा है। जल जमाव की हालत यह है कि शुक्रवार को परिसर में पुलिस के जवान घुटने भर पानी में खड़े थे, जबकि उनके पास ही दो लोग बकायदा जेल परिसर के पानी में मछली मार रहे थे।

## बेरोजगारी लाया तालिबान! कलम छोड़ मजदूर बने पत्रकार, आर्थिक संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान में 150 मीडिया संस्थान बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से वहां आम नागरिकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि तालिबान अपने साथ अफगानियों के लिए बेरोजगारी भी लेकर आया है। हालत यह हो गई है कि कलम चलाने वाले हाथ अब ईंट बना रहे हैं और मजदूर बन गये हैं। बदगिस प्रक्षेत्र के फ्रेज कोह शहर में कभी बतौर पत्रकार करने वाले जबिउल्लाह वफा ने कलम छोड़ दिया है और अब वो अपने परिवार का पेट भरने के लिए मजदूर के तौर पर काम करते हैं और ईंट बनाते हैं। जबिउल्लाह वफा के परिवार में 10 सदस्य हैं।



अफगानिस्तान पर तालिबान की हुकूमत आने के बाद जबिल्लाह वफा उन सैकड़ों अफगानियों में शामिल हैं जिनके आय का साधन खत्म हो गया यानी जिनकी नौकरियां अचानक चली गईं। न्यूज एजेंसी 'र्खेर्झे' लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से मीडिया हाउस बंद हो गया और उनकी नौकरी चली गई। एजेंसी से बातचीत में पूर्व पत्रकार ने कहा, 'तालिबान के आने के बाद स्थानीय मीडिया संस्थान ने मुझे नौकरी से निकाल दिया। करीब 2 महीने हो गए और वो एक अदद नौकरी के लिए तरस रहे हैं। परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मैंने तय किया कि मैं अपने पिता के साथ ईंट बनाने का काम करूंगा। जबिउल्लाह वफा के मुताबिक उनकी तरह अफगान के सैकड़ों पत्रकार अभी वहां बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाई है कि वो उनकी मदद करें। एक गंभीर बात यह भी है कि पिछले 2 महीने के दौरान अफगानिस्तान में करीब 150 मीडिया संस्थान बंद हो गए। तालिबान के कब्जे के बाद से इन सभी संस्थानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया था। जिसकी वजह से संस्थान बंद हो गये।

टोटो न्यूज के मुताबिक तालिबान ने वहां कई पत्रकारों पर प्रतिबंध भी लगा रखा है।

# महात्मा गांधी की 152वीं जयंती पर बुर्ज खलीफा पर दिखी बापू की तस्वीर, देखने उमड़े लोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरे देश में महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर दुबई के बुर्ज खलीफा पर भी राष्ट्रपिता की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। विश्व भर में शांति और अहिंसा के प्रतीक रहे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए बुर्ज खलीफा पर उनके चित्र और संदेश प्रदर्शित किए गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को लगभग 11 बजे महात्मा गांधी की तस्वीरों को उनके संदेशों के साथ बुर्ज खलीफा में दिखाया गया। बताया जा रहा है कि जब बुर्ज खलीफा पर बापू की तस्वीर नजर आई तब इसे देखने वहां लोगों की भीड़ उमड़ी। बुर्ज खलीफा पर महात्मा गांधी की जो तस्वीरें दिखाई गई हैं उसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि लाइट के जरिए महात्मा गांधी की अलग-



अलग तस्वीरें दिखाई जा रही हैं। एक तस्वीर में वो चरखा चलाते नजर आ रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में वो हाथ में छड़ी लिए नजर आ रहे हैं। इसका वीडियो दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास के सोशल मीडिया पेज पर जारी किया गया है। भारतीय दूतावास ने इसके लिए एम्मार प्रॉपर्टीज को धन्यवाद भी किया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विभिनन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं ने शनिवार को महात्मा गांधी की 152वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लद्दाख में 1,000 किलोग्राम वजन का हाथ से बुना हुआ खादी का एक तिरंगा फहराया गया। गांधी जयंती के अवसर पर उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने लोगों से स्वच्छ भारत अभियान में भाग लेने तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका जीवन व आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा, ''गांधी जयंती पर मैं बापू को नमन करता हूं। उनके आदर्श सिद्धांत दुनियाभर में प्रासंगिक हैं और लाखों लोगों को मजबूती देते हैं। महात्मा गांधी की 152वीं जयंती पर दक्षिण अफ्रीका में बंधुआ मजदूरों के लिए उनके द्वारा किये गये निःस्वार्थ कार्य का हवाला देते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को वरिष्ठ वकीलों से राष्ट्रपिता के पदचिह्नों पर चलने एवं गरीबों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए कुछ वक्त निकालने की अपील की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया।


**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025